CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com

मो. 9653906665

अंक 02/108 | जयपुर | 07 मई /2025 | बुधवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04


## देश में मॉक ड्रिल, युद्ध की तैयारी से जुड़ा मामला

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से बढ़े तनाव के बीच भारत के गृह मंत्रालय ने आज सात मई, बुधवार को पूरे देश में मॉक ड्रिल कराए जाने के निर्देश दिए हैं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए निर्देश में 244 सूचीबद्ध सिविल डिफ़ेंस जिलों में डिफ़ेंस का अभ्यास और रिहर्सल करने को कहा गया है। रक्षा विश्लेषक राहुल बेदी का कहना है कि साल 1971 की भारत पाकिस्तान जंग के बाद इतने बड़े पैमाने पर मॉक ड्रिल कराई जा रही है और इससे पता लगता है कि दोनों देशों के बीच हालात लगातार कितने बिगड़ रहे हैं। हमेशा की तरह इस बार फिर संभावना जताई जा रही है कि मोदी सरकार कुछ बड़ा करने जा रही है। कुछ बड़ा करने को सार्थक बनाने के लिए देशभर में सिविल डिफेंस का मॉकड्रिल किया जा रहा है। ग्रह मंत्रालय ने देशभर में मॉकड्रिल को नागरिकों को युद्ध की स्थिति में सुरक्षा उपायों की जानकारी देना और प्रशिक्षित करना बताया है जो कि आवश्यक भी है। पुरानी पीढ़ी ने 1965 में चीन के साथ और 1971 में पाक के साथ युद्ध में ब्लैक आउट को देखा, जाना है लेकिन देश में आज जो 65 प्रतिशत आबादी युवा है वो नहीं जानती कि युद्ध की स्थिति हो तो ब्लैक आउट क्या होता है, ब्लैक आउट में आम नागरिकों को करना क्या होता है और ब्लैक आउट होता क्यों हैं। वर्तमान पीढ़ी को इसी की जानकारी देना बेहद आवश्यक है क्योंकि जो हालात बन रहे हैं उनमें कभी भी भारत पाक के बीच युद्ध छिड़ सकता है। युद्ध छिड़ा तो कितने दिन चल सकता है यह कोई नहीं जानता। हमारी सेनाएं तैयार हैं इसलिए हमारे नागरिकों को तैयार करने के लिए ग्रह मंत्रालय सही समय पर सही कदम उठा रहा है। भारत पाकिस्तान के बीच अबतक चार जंग हो चुकी हैं, 1947, 1965, 1971 और 1999 का कारगिल युद्ध। लेकिन पहले की तीन लड़ाइयों के बाद से हालात बदल गए हैं। दक्षिण एशिया के इन दोनों पड़ोसी देशों के पास परमाणु हथियार हैं। माना जा रहा है कि पहलगाम हमले के बाद बीजेपी सरकार पर दबाव है और मोदी सरकार दबाव से मुक्त होना चाहती है। रक्षा विश्लेषक राहुल बेदी का कहना है कि मॉक ड्रिल काफ़ी हद तक तैयारी से जुड़ा मामला है, जबकि कुछ विश्लेषक यह कहकर चौंका रहे हैं कि इसे पाकिस्तान पर एक मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कार्रवाई हो सकती है। यह अच्छी बात है कि केन्द्र में मोदी सरकार की आलोचना करने वाला पूरा विपक्ष पाक को सबक सिखाने के मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ा है। मॉकड्रिल के मामले में भी विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया है।

## जयपुर की सेंट्रल जेल में फिर मिला मोबाइल, डाटा केबल, चार्जर और ईयर फोन भी जब्त

**जयपुर।** राजस्थान की सबसे कड़ी सुरक्षा वाली जेलों में शुमार राजधानी जयपुर की सेंट्रल जेल में फिर मोबाइल मिलने का मामला सामने आया है। मोबाइल के साथ ही चार्जिंग केबल, चार्जर और ईयर फोन भी मिले हैं। इन्हें जब्त कर लिया गया है। इसके बाद जेल में हड़कंप मच गया। पूरे मामले को लेकर जेल प्रशासन ने जयपुर के लालकोठी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। लालकोठी थानाधिकारी बन्नालाल ने बताया कि जयपुर सेंट्रल जेल के प्रहरी की रिपोर्ट पर थाने में प्रिजनर्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसकी जांच की जा रही है। इस मामले की जांच एएसआई सूरजमल को सौंपी गई है।

### पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी...

# राजस्थान में आज बजेगा 'जंगी सायरन'..



## दिन ढलते ही होगा 'टोटल ब्लैकआउट'!

### युद्ध की स्थितियों से निटने के लिए आज देश के 244 जिलों सहित राजस्थान के 28 शहरों में होगी मॉक ड्रिल, जयपुर में 8 प्रमुख स्थानों पर बजाए जाएंगे सायरन

ब्लैकआउट के समय किसी भी तरह की रोशनी जलाने की मनाही

घरेलू इनवर्टर, मोबाइल फ्लैशलाइट और मोमबत्ती भी नहीं जला सकेंगे, उल्लंघन पर होगा एक्शन

### जयपुर में सायरन बजने वाले स्थान

1. राजभवन
2. डीएसओ ऑफिस
3. कलेक्टरेट
4. शासन सचिवालय
5. बीएसएनएल ऑफिस (एम.आई. रोड)
6. गवर्नमेंट हॉस्टल
7. चांदपोल
8. शास्त्री नगर
9. चौगान स्टेडियम
10. सांगानेरी गेट
11. सांगानेर बाजार

## इस बीच पाकिस्तान सीमा के पास गरजेंगे वायु सेना के फाइटर जेट, नोटम जारी, ~~पाक की धड़कनें बढ़ी, दोनों और से हो रहा है ताबड़तोड़ युद्धाभ्यास~~

**जयपुर।** गृह मंत्रालय के निर्देश पर प्रदेश के 28 शहरों में युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए आज मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। जयपुर में इस ड्रिल के दौरान 8 प्रमुख स्थानों पर सायरन बजाए जाएंगे। इसके साथ ही पूरे शहर में ब्लैकआउट का अभ्यास किया जाएगा। जयपुर जिला प्रशासन, सिविल डिफेंस और एनडीआरएफ को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। ड्रिल के दौरान नागरिकों को सिखाया जाएगा कि सायरन सुनने के बाद उन्हें क्या करना है। ब्लैकआउट के समय किसी भी तरह की रोशनी जलाना मना होगा। इसमें घरेलू इनवर्टर, मोबाइल फ्लैशलाइट और मोमबत्ती भी शामिल हैं। जयपुर शहर में आज शाम 4 बजे चेतावनी सायरन बजेंगे। जयपुर में करीब 2 दर्जन जगहों पर चेतावनी सायरन मॉक ड्रिल होगी। कलेक्ट्रेट, शास्त्री नगर, पॉवर हाउस, चांदपोल पावर हाउस, चौगान स्टेडियम। एमआई रोड पोस्ट ऑफिस, घाटगेट सेंट्रल जेल के पास, राजभवन, सचिवालय, जोरावर सिंह गेट, बजाज नगर और दुर्गापुरा इलाके में स्थापित सायरन बजेंगे। मॉक ड्रिल को लेकर कलेक्टर कार्यालय में बैठक हुई।




### सीएस ने तैयारियों को लेकर ली बैठक, जयपुर कलेक्टर ने भी जारी किए निर्देश



वहीं सीएस सुधांश पंत ने दिए वीसी के माध्यम से मॉक ड्रिल के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त पूनम, जयपुर रेंज आईजी अजय पाल लांबा सहित सभी विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल रहे। जिला कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि ड्रिल के दौरान घर से बाहर होने पर वाहन की लाइट भी बंद रखें। 1971 के युद्ध के बाद यह पहली बार है जब इतनी व्यापक मॉक ड्रिल की जा रही है। जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी ने बताया कि इस वक्त जो दिशा निर्देश से उसके चलते कल मॉक ड्रिल रखी जाएगी और शहर के अंदर सायरन बजाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ब्लैक आउट के समय पैनिक होने की जरूरत नहीं है। प्रत्येक

## मॉक ड्रिल में देश के 244 जिले और राजस्थान के 28 शहर शामिल

यह मॉक ड्रिल गृह मंत्रालय के निर्देश पर देशभर के 244 'नागरिक सुरक्षा जिलों' में आयोजित की जा रही है, जिनमें राजस्थान के 28 शहर शामिल हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद यह अभ्यास और भी महत्वपूर्ण हो गया है। राज्य के प्रमुख शहर जैसे जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर सहित कुल 28 शहरों को ड्रिल में शामिल किया गया। जयपुर में 22 सायरन लगे हुए हैं, लेकिन उनमें से सिर्फ 10 ही फिलहाल कार्यशील हैं। बीकानेर में 10 और जोधपुर में 18 स्थानों पर सायरन सक्रिय रहेंगे। अजमेर, अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, बीकानेर, बुंदी, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, उदयपुर, जोधपुर, सीकर, सुरतगढ़, अबू रोड, भिवाड़ी, फुलेरा,

### इधर, पाकिस्तान सीमा के पास गरजेंगे भारतीय फाइटर जेट

इस बीच भारतीय वायुसेना भी अपने बड़े कॉम्बैट अभ्यास की तैयारी में है। भारतीय वायुसेना के फ्रंट लाइन एयरक्राफ्ट राजस्थान में इस अभ्यास को अंजाम देंगे। इसके लिए भारत ने नोटम (नो टु एयरमैन) जारी किया है। यह नोटम वेस्टर्न बॉर्डर के लिए जारी किया गया है। 7 मई दोपहर 3.30 बजे से 8 मई रात 9.30 बजे तक यह प्रभावी रहेगा। सूत्रों के अनुसार, इस अभ्यास में एयरफोर्स कई जगहों पर एक साथ अभ्यास करेगी। वायुसेना के अलग-अलग बेस जैसलमेर, पोखरण, जोधपुर और बीकानेर से फाइटर जेट उड़ान भरेंगे। इस अभ्यास में फाइटर जेट

## अशांत बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के वाहन पर हमला, मेजर सहित छह जवान मारे गए; पांच घायल



**इस्लामाबाद।** अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना के वाहन पर बड़ा हमला हुआ है। इस हमले में पाकिस्तानी सेना की फ्रंटियर कोर (एफसी) के छह जवान मारे गए हैं। जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

### किस इलाके में हुआ वाहन में विस्फोट

जानकारी के मुताबिक, आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट प्रांत के बोलान इलाके में आमिर पोस्ट और अली खान बेस के बीच हुआ।

### हमले में कौन-कौन मारे गए

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हमले में पाकिस्तानी सेना के मेजर (स्पेशल ऑपरेशंस कमांड) तारिक इमरान, नायक आसिफ, सुबेदार फारूक, नायक मशकूर, सिपाही वाजिद, सिपाही काशिफ की मौत हुई है।

## पाठशाला का दूसरा दिन: सीएम भजनलाल का सरल अंदाज, विधायकों की पीछे की पंक्ति में बैठ लिया प्रशिक्षण

**जयपुर/केवड़िया।** गुजरात के केवड़िया में चल रहे राजस्थान के भाजपा विधायक और सांसदों के प्रशिक्षण का दूसरा दिन है. मंगलवार को अलग-अलग सेशन में केंद्रीय नेताओं की ओर से विधायकों और सांसदों को सुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा है. दूसरे दिन इस प्रशिक्षण सेवा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सादगी पूर्ण सरल अंदाज देखने को मिला. भजनलाल मंच पर बैठने की जगह साधारण कार्यकर्ता की तरह विधायकों के बीच बैठकर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया. मुख्यमंत्री का ऐसा सरल अंदाज भाजपा के दिग्गज नेता भी देखते रहे. बता दें कि भाजपा विधायकों को संगठनात्मक कौशल, सुशासन, जनसेवा और नीति-निर्धारण जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण देने के लिए तीन दिन तक गुजरात के केवड़िया में कॉन्फ्रेंस कर रही है. इस कांफ्रेंस में प्रदेश के सभी लोकसभा सांसद, राज्यसभा सांसद और विधायक भाग ले रहे हैं. इस कॉन्फ्रेंस जनप्रतिनिधियों को सुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा है. इस कैंप का मूल मकसद विधायकों, सांसदों को सत्ता-संगठन में समन्वय, जनता से संवाद और पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप कार्यशैली सिखाना है।



## जातिगत जनगणना के मुद्दे को भुनाएगी कांग्रेस

**जयपुर।** कांग्रेस ने 3 से 10 मई तक की जा रही संविधान बचाओ रैली में जातिगत आरक्षण के मुद्दे को जोर-जोर से उठाने और जनता के बीच ले जाने का आह्वान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी राज्यों के कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर इसके निर्देश दिए हैं। वहीं खड़गे के निर्देशों के बाद अब कांग्रेस ने एससी-एसटी, ओबीसी और माइनॉरिटी के नेताओं को इस मुहिम को घर-घर पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है।

## एसएससी-जीडी परीक्षा में फर्जीवाड़ा, बाथरूम में कैंडिडेट की अदला-बदली

### एसएससी-जीडी स्टाफ ने करवाई डमी अभ्यर्थी की एंट्री

**सीकर।** स्टाफ सिलेक्शन कमीशन-जनरल ड्यूटी कॉन्स्टेबल परीक्षा में सीकर के एक सेंटर पर डमी कैंडिडेट बैठा था। यह डमी कैंडिडेट ऑनलाइन एग्जाम आयोजित करवाने वाली एजेंसी के स्टाफ की मिलीभगत से बैठा था।

फरवरी में हुई परीक्षा में कैंडिडेट की अदला-बदली एग्जाम सेंटर के बाथरूम में हुई थी। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर मामला सामने आया। मामले में परीक्षा करवाने वाली एजेंसी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के 2 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है।

### सीओ धोद सुरेश शर्मा ने बताया-सीकर के परीक्षा केंद्र

एसबीएस शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में डमी कैंडिडेट बैठाया गया था। मामले में दिनेश कुमार (26) पुत्र विद्याधर जाट निवासी घड़ियाल नगर, कोलिड़ा और राकेश कुमार यादव (30) पुत्र मोहनलाल यादव निवासी दोबलाई, गोविंदगढ़ को 4 मई को गिरफ्तार किया गया।

### सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर फर्जीवाड़ा सामने आया

सीओ सुरेश शर्मा ने बताया- टीसीएस के हब ऑपरेशन मैनेजर विक्रम सिंह ने सीकर के सदर थाने में मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया था- 10 फरवरी को कंसल्टेंसी सर्विसेज IEG के पर्यवेक्षक नरेश कुमार ने SBS शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान (सीकर) का दौरा किया। उन्होंने 7 फरवरी 2025 को यहां हुई SSC-GD कॉन्स्टेबल परीक्षा के दौरान के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को चेक किया।

### स्टाफ मेंबर ने करवाई डमी कैंडिडेट की एंट्री

सीसीटीवी फुटेज में नजर आया कि एग्जाम सेंटर (SBS शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान) पर कैंडिडेट्स को एंट्री दी जा रही थी।

नाकामी


### स्वायत शासन विभाग ने नगर परिषद से मांगी टिप्पणी रिपोर्ट, आयुक्त को लिखा पत्र

# माउंटआबू का नाम बदलकर आबूराज तीर्थ करने की तैयारी

**जयपुर।** राजस्थान का एक मात्र हिल स्टेशन माउंट आबू अब आबू राज तीर्थ के रूप में जाना जा सकता है। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में पिछले दिनों हुई बैठकों के बाद स्थानीय निकाय विभाग की तरफ से माउंट आबू नगर परिषद को पत्र लिखकर टिप्पणी मांगी गई है। इस संबंध में पहला पत्र आबू नगर परिषद को 1 अप्रेल 2025 को भेजा गया था। इसके बाद 25 अप्रेल को फिर से इसका रिमांडर भेजा गया है। विभाग के संयुक्त विधि परामर्शी लेखराज जाग्रत की तरफ से भेजे गए इस पत्र में नगर परिषद आबू से अविलंब तथ्यात्मक टिप्पणी मांगी गई है।

हालांकि सरकार की तरफ से इस संबंध में पत्र की सूचना मिलते ही आबू के होटल कारोबारी और अन्य तमाम व्यापारिक संगठन विरोध में लामबद्ध हो गए हैं। इसके विरोध में यहां आबू बचाओ, आबू का रोजगार बचाओ संघर्ष समिति भी बनाई गई है।

## माउंट आबू को तीर्थ बनाने की तैयारी, शराब-नॉनवेज पर लग सकती है रोक



### क्या फैसले का कोई सियासी कनेक्शन भी है?

जानकारी के मुताबिक विधानसभा के मौजूदा सत्र में कुछ विधायकों ने माउंट आबू को तीर्थ बनाए जाने को लेकर सवाल लगाए थे। हालांकि इस तरह के आरोप भी हैं कि आबू के नीचे करीब

### सालाना 24 लाख पर्यटक आते हैं यहां

माउंट आबू होटल एसोसिएशन के सचिव सौरभ गांगड़िया का कहना कि सरकार के इस फैसले से यहां कारोबार चौपट होने की नौबत आ चुकी है। उन्होंने बताया कि यहां सालाना 24 लाख सैलानी आते थे और एक्साइज से सरकार को यहां से करीब 150 करोड़ रुपए सालना का राजस्व मिल रहा था। लेकिन जब से आबू को तीर्थ घोषित किए जाने की चर्चाएं शुरू हुई है। यहां गुजरात से पर्यटक आने बंद हो गए हैं। ऐसे में यहां के तमाम सामाजिक और

### मांउट आबू में हैं प्रसिद्ध मंदिर

माउंट आबू में स्थित दिलवाड़ा मंदिर, अर्बुदा देवी मंदिर, रघुनाथ मंदिर, गौमुख मंदिर और अचलेश्वर महादेव मंदिर इसे जैन और हिन्दू धर्म के लिए विशेष तीर्थ स्थल बनाते हैं। अचलेश्वर महादेव मंदिर को परमार वंश ने 9वीं शताब्दी में बनवाया था।

## पूर्व कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ईडी की गिरफ्त में, मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दीन दयाल आवास योजना से जुड़े वित्तीय घोटाले के सिलसिले में हुई है, जिसमें छौक्कर और उनकी कंपनी पर करीब 1500 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। ईडी ने छौक्कर को दिल्ली के पांच सितारा होटल शांग्रीला से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद ईडी उन्हें कोर्ट में पेश करने की तैयारी में है, जहां उनसे पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की जा सकती है। इस कार्रवाई ने हरियाणा की राजनीति में भूचाल ला दिया है, क्योंकि छौक्कर को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का बेहद करीबी माना जाता है। आरोप के मुताबिक, छौक्कर की कंपनी साई आइना फॉर्म्स ने गुरुग्राम में लोगों को घर देने का वादा कर उनसे भारी-भरकम राशि वसूली। हालांकि, न तो लोगों को घर दिए गए और न ही उनकी राशि वापस की गई। ईडी की जांच में सामने आया कि कंपनी ने करीब 1500 लोगों के साथ धोखाधड़ी की, जिसमें बड़े पैमाने पर धन का दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग शामिल है। यह घोटाला दीन दयाल आवास योजना के तहत गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए घर उपलब्ध कराने की योजना से जुड़ा है, जिसका गलत इस्तेमाल कर लोगों की गाढ़ी कमाई को हड़पने का आरोप है। इस मामले में केवल धर्म सिंह छौक्कर ही नहीं, बल्कि उनके बेटे सिकंदर छौक्कर भी जांच के दायरे में हैं। सिकंदर पर 400 करोड़ रुपये के एक अन्य घोटाले में शामिल होने का भी आरोप है, जिसके लिए ईडी ने अलग से केस दर्ज किया है। पिता-पुत्र की जोड़ी पर सैकड़ों लोगों को ठगने और उनकी मेहनत की कमाई को गलत तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप है। धर्म सिंह छौक्कर का राजनीतिक करियर भी काफी चर्चित रहा है। वे हरियाणा के समालखा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं और कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में शुमार रहे हैं।

## भाजपा 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती मनाएगी, होगा राणा भाभा सम्मेलन

पटना (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी आगामी 9 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को भव्य रूप में मनाने जा रही है। इस अवसर पर पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम का नाम राणा भाभा सम्मेलन रखा गया है। सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इसके अनुसार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत होंगे, जबकि विशिष्ट संबोधन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देंगे। इनके अलावा अन्य प्रमुख उपस्थितों में बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम का आरंभ सुबह 11:30 बजे होगा, जिसमें महाराणा प्रताप की वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर नीरज बबलू ने स्पष्ट किया कि यह आयोजन किसी जाति विशेष के लिए नहीं है, बल्कि महाराणा प्रताप जैसे राष्ट्रनायक को सम्मानित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, कि बीजेपी की परंपरा रही है कि वह समाज के सभी महापुरुषों की जयंती मनाती है, चाहे वे किसी भी वर्ग से जुड़े हों।

## वक्फ संशोधन कानून को लेकर अफवाह फैला रही है कांग्रेस : भूपेंद्र यादव

नई दिल्ली(एजेंसी)। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस पर वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के बारे में अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि मुस्लिम समूहों और लोगों के पास वक्फ बनाने, उसका प्रबंधन करने और उसे विनियमित करने के अधिकार बरकरार रहेंगे। दिल्ली भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास, पारदर्शिता और लैंगिक समानता के क्षेत्र में कई सुधार किए हैं। उन्होंने कहा, 'हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 इस प्रगतिशील यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।' यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अफवाह फैला रही है कि इस कानून के कारण मुसलमानों के अधिकार समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कानून में पहली बार संशोधन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ मामलों में पारदर्शिता और प्रबंधन जैसे कुछ मुद्दों पर 2013 में किए गए पिछले संशोधन में ध्यान नहीं दिया गया था, जिनका अब वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 में ध्यान रखा गया है। यादव ने कहा, 'मुस्लिम समूहों और व्यक्तियों के वक्फ बनाने, प्रबंधित करने और विनियमित करने के अधिकार नवीनतम संशोधन के बाद भी बरकरार रहेंगे।' उन्होंने कहा कि सरकार ने वक्फ विधेयक पर सभी विचारों को शामिल करने के लिए इस विषय को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा था और वक्फ अधिनियम में नवीनतम संशोधनों पर विस्तार से चर्चा और विचार-विमर्श किया गया।

## निशिकांत के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर रिट याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई संजीव खन्ना पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए दुबे पर अवमानना कार्यवाही करने की मांग की गई थी। सीजेआई ने कहा कि हमारे कंधे मजबूत हैं, हम याचिका पर विचार नहीं करना चाहते हैं। बैंच ने याचिकाकर्ता विशाल की दलीलों पर कहा कि हम फिलहाल कोई दलील या बहस नहीं सुनना चाहते लेकिन हम एक शॉर्ट ऑर्डर पास करेंगे। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह अदालत और जजों की गरिमा का सवाल है। याचिका में विशाल तिवारी ने निशिकांत दुबे के बयान को कोर्ट के लिए अपमानजनक और निंदनीय बताते हुए अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की मांग की। अपने एक बयान में निशिकांत दुबे ने कहा था कि देश में जितने गृह युद्ध हो रहे हैं उसके जिम्मेदार केवल चीफ जस्टिस संजीव खन्ना हैं और धार्मिक युद्ध भडक़ाने के लिए केवल सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है।

# वक्फ याचिकाओं पर सुनवाई 15 को, सीजेआई ने रियारमेंट को लेकर दी व्यवस्था

**-खन्ना ने कहा- मामले में अंतरिम आदेश पारित करने से पहले लंबी सुनवाई जरुरी**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ याचिकाओं पर सुनवाई 15 मई तक के लिए टाल दी है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने इसे अब अगले मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई के हवाले कर दिया है क्योंकि अगले सप्ताह खन्ना रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने अगले सप्ताह अपनी सेवानिवृत्ति का हवाला देते हुए यह व्यवस्था दी। बता दें सीजेआई खन्ना 13 मई को रिटायर होंगे, जबकि जस्टिस गवई 14 मई को अगले मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।

सीजेआई खन्ना ने सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि मामले में अंतरिम आदेश पारित करने से पहले लंबी सुनवाई की जरूरत है, जबकि वह अगले सप्ताह ही रिटायर हो रहे हैं। इसलिए, इस मामले को अब अगले चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ सुनवाई करेगी। खन्ना ने कहा कि वह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहते हैं।

पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया था कि पीठ द्वारा चिंता जताए जाने के बाद वह वक्फ कानून के दो प्रमुख पहलुओं पर रोक लगा देगा। केंद्र ने 17 अप्रैल को कोर्ट को सूचित किया था कि वह मामले की सुनवाई की अगली तारीख 5 मई तक ''वक्फ बाय यूजर'' समेत अन्य वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करेगा, न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्तियां करेगा। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ से कहा था कि संसद द्वारा उचित विचार-विमर्श के बाद पारित कानून पर सरकार का पक्ष सुने बिना रोक नहीं लगाई जानी चाहिए।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले से पंजीकृत या अधिसूचना के जरिए से घोषित वक्फ संपत्तियों, जिनमें 'वक्फ बाय यूजर' भी शामिल है, को अगली सुनवाई की तारीख तक न तो छेड़ा जाएगा और न ही गैर अधिसूचित किया जाएगा। इसके बाद पीठ ने केंद्र को कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई 5 मई के लिए तय की गई थी। याचिकाओं के इस समूह में एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर एक याचिका भी शामिल है।

बता दें 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद केंद्र ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को पिछले महीने अधिसूचित किया था। वक्फ (संशोधन) विधेयक को लोकसभा ने 288 सदस्यों के समर्थन से पारित किया, जबकि 232 सांसद इसके खिलाफ थे। राज्यसभा में इसके पक्ष में 128 और इसके खिलाफ 95 सदस्यों ने मतदान किया था। कई राजनीतिक दलों, मुस्लिम संगठनों और एनजीओ ने अधिनियम की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

## पाकिस्तान से जंग के बाद बाबा रामदेव कराची और लाहौर में खोलेंगे गुरुकुल

हरिद्वार (एजेंसी)। योग गुरु बाबा रामदेव का दावा है कि पाकिस्तान से युद्ध हुआ तो ज्यादा से ज्यादा 4 दिन चलेगा और पाकिस्तान मटियामेट हो जाएगा। इसके बाद वहां एक शानदार गुरुकुल खोलेंगे। रामदेव ने भविष्यवाणी की है कि पाकिस्तान खुद ही टूट जाएगा और कुछ दिनों में कुछ दिनों में गुरुकुल बनाना पड़ सकता है। बता दें कि जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। भारत लगातार पड़ोसी मुल्क के खिलाफ ऐक्शन ले रहा है। 22 अप्रैल को हुए अटैक में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय शख्स की मौत हो गई थी।

रामदेव ने कहा, पाकिस्तान अपने आप ही टूट जाएगा। बलूचिस्तान में रहने वाले पश्तून आजादी की मांग कर रहे हैं। पीओके में हालात और भी ज्यादा बुरे हैं। उसके पास भारत से लड़ने की ताकत नहीं है। युद्ध में वो भारत के खिलाफ 4 दिन भी खड़ा नहीं हो पाएगा। मुझे लगता है कि कुछ दिनों में हमें अगला गुरुकुल कराची और एक लाहौर में बनाना पड़ेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना उनकी जिम्मेदारी है। रक्षामंत्री सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और उनकी कार्यशैली, दृढ़ संकल्प और जिस तरह से वह जोखिम उठाते हैं, उससे वे भली-भांति परिचित हैं। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच रविवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह बैठक नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी द्वारा प्रधानमंत्री को अरब सागर में अहम समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराने के 24 घंटे से भी कम समय बाद हुई है।

## महबूबा मुफ्ती ने पहलगाम दौरा कर केंद्र से कहा- आतंकियों पर सख्त कार्रवाई हो, लेकिन निर्दोष कश्मीरियों को न सताया जाए



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद राज्य में तनावपूर्ण हालात के बीच पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने पहलगाम में स्थानीय लोगों से मुलाकात की और अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मानवीय अपील की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन निर्दोष कश्मीरियों को इससे परेशान न किया जाए।

महबूबा मुफ्ती ने पहलगाम में स्थानीय नागरिकों से मिलते हुए कहा, कि 22 अप्रैल की घटना पहलगाम के लिए एक सदमा थी। लेकिन कश्मीरियों ने पर्यटकों को बचाने में अपनी जान जोखिम में डाल दी। इससे यह साबित होता है कि इस दुख की घड़ी में कश्मीरी देश के साथ खड़े हैं। इसी के साथ महबूबा मुफ्ती ने गृह मंत्री शाह से अपील करते हुए कहा कि जो लोग इस हमले के पीछे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन सैकड़ों निर्दोष कश्मीरियों को हिरासत में लेना अनुचित है। उन्होंने कहा आतंकवादियों और नागरिकों में फर्क करें। निर्दोष लोगों को निशाना बनाने से आक्रोश और कट्टरता बढ़ती है। उन्होंने ज़ोर दिया कि सुरक्षा एजेंसियों को सही खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आम नागरिक भय और उत्पीड़न से मुक्त रहें।

### पर्यटन को राहत देने की मांग

महबूबा मुफ्ती ने पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए विशेष राहत पैकेज की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि घोड़ा चालकों को वित्तीय सहायता दी जाए। होटल और टैक्सी संचालकों के ऋणों पर ब्याज माफ किया जाए। पर्यटन स्थल बंद होने से स्थानीय अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिसे सरकार को संज्ञान में लेना चाहिए।

# सीएम ममता के मुर्शिदाबाद दौरे से पहले हो गया नया विवाद खड़ा

**हिंसा में मृतक के परिवार ने पुलिस पर लगाए धमकाने के आरोप, सीजेआई से की शिकायत**



**बहादुरगंज (एजेंसी)।** कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सोमवार से मुर्शिदाबाद के दो दिवसीय दौरे पर हैं। नए वक्फ कानून को लेकर यहां 11 अप्रैल को हिंसा भड़क गई थी, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं ममता के दौरे से ठीक पहले वहां एक नया बवाल खड़ा हो गया। हिंसा में मारे गए पिता-पुत्र के परिवार ने मुर्शिदाबाद पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणम, और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को पत्र लिखकर पुलिस के खिलाफ डराने-धमकाने की शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले ने ममता के दौरे से पहले सियासी तापमान बढ़ा दिया।

मृतक हरगोबिंद और चंदन दास के परिवार ने आरोप लगाया कि रविवार सुबह मुर्शिदाबाद पुलिस ने कोलकाता के सॉल्ट लेक में एक बीजेपी कार्यकर्ता के घर में जबरन घुस गई, जहां वे पिछले एक हफ्ते से रह रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परिवार का कहना है कि पुलिस ने दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर उन्हें धमकाया। परिवार ने अपने शिकायती पत्र में लिखा कि हमने पुलिस को लिखित बयान दिया था कि हम अपनी मर्जी से कोलकाता आए हैं और किसी दबाव में नहीं हैं। इसके बावजूद इंस्पेक्टर-इन-चार्ज ने हमें डराने की कोशिश की।

वहीं मुर्शिदाबाद पुलिस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे सॉल्ट लेक में मृतक के परिवार के ठिकाने पर इसलिए गए थे, क्योंकि परिवार के एक सदस्य ने शिकायत की थी कि दास परिवार का अपहरण कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने अपहरण की शिकायत के आधार पर सॉल्ट लेक में बीजेपी कार्यकर्ता के घर का पहुंचे थे। हम परिवार से बात करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने सहयोग नहीं किया। हालांकि परिवार का कहना है कि पुलिस ने जबरन दरवाजा तोड़कर उनके साथ बदसलूकी की। इस घटना की सूचना मिलते ही बीजेपी के कई नेता सॉल्ट लेक पहुंच गए और पुलिस से तीखी बहस हुई। बीजेपी नेताओं ने पुलिस पर ममता बनर्जी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। इसके बाद, बीजेपी ने दास परिवार को एक अज्ञात जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है।

दास परिवार ने सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने शिकायती पत्र में लिखा 'हम डर के साये में जी रहे हैं। हम केंद्र से केंद्रीय बलों की तैनाती और हाई कोर्ट तक सुरक्षित पहुँचने की व्यवस्था की मांग करते हैं, ताकि हमें न्याय मिल सके। सीएम ममता ने पहले कहा था कि वह वक्फ एक्ट को लेकर हुई हिंसा की स्थिति का जायजा लेने मुर्शिदाबाद जाएंगी। उन्होंने यह भी दावा किया था कि हिंसा के लिए 'बाहरी लोग' जिम्मेदार हैं, लेकिन दास परिवार की शिकायत ने उनके दौरे से पहले एक नया सियासी बवाल खड़ा कर दिया है।

## राहुल गांधी का ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती मानना बड़ी बात:संजय राउत



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑपरेशन ब्लू स्टार पर दिए बयान की सराहना करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। राउत ने कहा कि राहुल गांधी एक साफ-सुथरे और ईमानदार नेता हैं, जो अपनी गलतियों को स्वीकार करने की हिम्मत रखते हैं।

उन्होंने कहा, ÷राहुल गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती मानकर बड़ी बात की है, जबकि उस समय वह राजनीति में नहीं थे। गलती स्वीकार करना राजनीति में दुर्लभ है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह को उनसे सीख लेनी चाहिए। ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद देश ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और सेना के जनरल को खोया, लेकिन राहुल ने उस दौर की गलती को स्वीकार कर साहस दिखाया। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे देश में ऐसा नेता है। राजनीति में गलती स्वीकार करना बहुत बड़ी बात होती है। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को राहुल गांधी से गलती स्वीकार करना और आगे बढ़ना सीखना चाहिए।'

संजय राउत ने हाल के आतंकी हमलों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'राजनाथ सिंह कहते हैं कि करारा जवाब दिया जाएगा, लेकिन हम इंतजार कर रहे हैं। देश चाहता है कि आतंकियों को जवाब मिले। जब वह दिन आएगा, हम सरकार के साथ खड़े होंगे। कश्मीर में हालिया आतंकवादी हमले और पुलवामा हमले में 40 जवानों की शहादत के लिए कौन जिम्मेदार हैं? अमित शाह को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए, जैसे 26/11 हमले के बाद शिवराज पाटिल ने इस्तीफा दिया था। जब कड़ी प्रतिक्रिया देने का समय आएगा तो हम निश्चित रूप से सरकार के साथ खड़े होंगे।'

राउत ने ऑल पार्टी मीटिंग में अपनी अनुपस्थिति का जिक्र करते हुए कहा, 'हम वहां इसलिए नहीं गए, क्योंकि हम अमित शाह का इस्तीफा मांगते। इससे सरकार की स्थिति असहज हो जाती। संसद में कश्मीर मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। 27 लोगों की मौत के बाद अमित शाह को पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। हम संसद में यह मुद्दा उठाएंगे।'

वहीं दिल्ली सरकार में मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 1984 के सिख नरसंहार को लेकर तीखा हमला बोला है। सिरसा ने कहा, '1984 का सिख नरसंहार, एक ऐसा काला अध्याय जिसे कोई सिख कभी भूल नहीं सकता। कांग्रेस और गांधी परिवार की शह पर 8000 से ज्यादा सिखों को दिल्ली की सड़कों पर जिंदा जला दिया गया। गुरु घरों में बेअदबी हुई, माताओं की गोद उजड़ गई और आज राहुल गांधी उस दर्द पर बस ये कहते हैं, 'जो हुआ, गलत हुआ', क्या राहुल गांधी का यह बयान सिख समुदाय के दर्द को कम कर सकता है?'

## राजनाथ सिंह और जापानी रक्षा मंत्री के बीच मुलाकात, पहलगाम हमले के बाद मिले समर्थन का भारत ने जताया आभार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत-जापान रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पहलगाम हमले के बाद जापान की तरफ से मिले समर्थन पर आभार व्यक्त किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों पक्षों के बीच वर्तमान क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। भारत-जापान रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'मैं जापान सरकार का पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ मजबूत एकजुटता दिखाने के लिए धन्यवाद करता हूं। मैं इस अवसर पर भारत-जापान रक्षा संबंधों को गहरा करने में आपके बड़े योगदान की सराहना करता हूं।' रक्षा मंत्री के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से इस मुलाकात का ब्योरा दिया गया। रक्षा मंत्री ने लिखा, 'नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी जेन से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने किसी भी प्रारूप में आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोग और संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नाकातानी जेन ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की।'

# शंभू थाने का घेराव करने के एक दिन पहले पंजाब सरकार का एक्शन

**-किसान नेताओं को घर में किया नजरबंद**

**- मान की चेतावनी-लोगों को परेशानी स्वीकार नहीं**

**चण्डीगढ़ (एजेंसी)।** फरीदकोट में जिला पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान मजदूर यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह को सोमवार सुबह उनके घर में ही नजरबंद कर दिया। यह कदम संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक द्वारा छह मई को शंभू थाने के घेराव की योजना के मद्देनजर उठाया गया। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसान मोर्चा समाप्त करवाने के दौरान किसानों की ट्रालियां और अन्य सामान चोरी हो गया था। पुलिस ने मामला दर्ज किया, लेकिन अधिकतर किसानों को अभी तक उनका सामान वापस नहीं मिला है। इसी मुद्दे पर किसान मोर्चा ने थाने का घेराव करने की घोषणा की थी।

एसपी मनविंदर बीर सिंह और डीएसपी त्रिलोचन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डल्लेवाल के घर पहुंचकर उन्हें नजरबंद किया। डल्लेवाला ने कहा कि राज्य सरकार लोगों की आवाज दबा रही है। उन्होंने बताया कि मोर्चा ने सिर्फ एक दिन के घेराव की योजना बनाई थी। किसान नेता ने कहा कि सरकार किसानों को उनका हक मांगने से रोक रही है। उन्होंने सभी न्यायप्रिय लोगों से सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

### प्रदर्शन की इजाजत नहीं

सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में ऐसी कोई भी घोषणा, विरोध या हड़ताल जिससे सडक़ें या रेलें अवरुद्ध हों या आम लोगों को परेशान किया जाए और उनकी दैनिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो, उसे जनता के विरुद्ध माना जाएगा। सभी संस्थाओं, संगठनों और यूनियनों को ध्यान देना चाहिए। विरोध करने के और भी तरीके हैं, सिर्फ लोगों को परेशान करना सही नहीं है। ऐसे करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। पंजाब के मेहनतकश लोगों के हित में जारी। इसे किसानों के छह मई को प्रदर्शन के एलान से जोडक़र देखा जा रहा है।

### 25 किसान नेताओं पर पुलिस का एक्शन

पंजाब पुलिस ने करीब 25 किसान नेताओं के खिलाफ बड़ा एक्शन किया है। इनमें से कइयों को घरों में ही नजरबंद कर लिया है, वहीं कुछ को हिरासत में भी लिया गया है। मंगलवार को पटियाला के थाना शंभू का घेराव करके किसानों की ओर से धरना देने के ऐलान से एक दिन पहले किए इस एक्शन को लेकर जत्थेबंदियों में खासा रोष है। किसान जत्थेबंदियों ने चेताया है कि अगर सरकार की शह पर पंजाब पुलिस की ओर से इसी तरह से किसानों पर जबर जारी रहा, तो पूरा पंजाब जाम किया जाएगा। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के प्रदेश नेता सतनाम सिंह पन्नू ने एलान कर दिया है कि किसान डरेंगे नहीं और न ही झुकेंगे। मंगलवार को हर हाल में शंभू थाने के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से धरना दिया जाएगा। इसके अगले दिन सात मई को देवीदासपुर में अमृतसर-दिल्ली रेल मार्ग भी जाम किया जाएगा। किसान नेता तेजवीर सिंह पंजोखड़ा ने बताया कि सोमवार तडक़े से अब तक पुलिस की ओर से पंजाब में करीब 25 किसान नेताओं के खिलाफ एक्शन हुआ है। लुधियाना में किसान नेता दिलबाग सिंह गिल, किसान नेता जसविंदर कौर, किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के नेता मलकीत सिंह को फिरोजपुर में, भारतीय किसान यूनियन दोआबा के प्रदेश प्रधान मनजीत सिंह राय को होशियारपुर में, करनैल सिंह लंग को पटियाला में, बलवंत सिंह बहरामके को मोगा में उन्हीं के घरों में नजबंद कर लिया गया है।

# नीमराना में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने ली कोटपूतली-बहरोड़ जिले की विभागीय समीक्षा बैठक

## अच्छी शिक्षा एवं उत्तम बौद्धिक क्षमता से ही विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी-राज्यपाल

### अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध पहुंचे- बागड़े

मरुधर न्यूज

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र तक केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध पहुंचे, आमजन को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, काश्तकार व पशुपालकों को योजनाओं की जानकारी देकर उनकी आमदनी में बढ़ोत्तरी कर विकास की मुख्य धारा से जोड़े। बागड़े मंगलवार को डाइकिन जापनिज इंस्टीट्यूट ऑफ मैन्यूफैक्चरिंग एक्सीलेंस (DJIME) नीमराना में कोटपूतली-बहरोड़ के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बागड़े ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि शिक्षक विद्यार्थियों के किताबी ज्ञान के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करे, इसी से उनका सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास एवं प्राचीन ग्रंथ ज्ञान के भंडार हैं। इससे आज का युवा बहुत कुछ सीख सकता है। उन्होंने देश के विद्वानों का उल्लेख करते हुये कहा कि भारत





विश्वगुरु रहा है, यहां के प्राचीन ग्रंथो ने विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में हजारों साल पहले ही वो ज्ञान दिया है जिसे लेकर आज के वैज्ञानिक भी चकित हैं।

उन्होंने नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए नीति के तहत 3 साल से अधिक उम्र के बच्चों का नामांकन करते हुए शिक्षा से जोड़ने को कहा। उन्होंने जिले में ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा से जोड़ने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। बागड़े ने मनरेगा के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी लेकर मजदूरों को रोजगार उपलब्ध करवाते हुए सर्वांगीण विकास हेतु संवेदनशीलता से कार्य करने, अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल स्टेडियम, सामुदायिक भवन, जोहड़ आदि का निर्माण करते हुए विकास को गति देने को कहा। उन्होंने पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए जनजाति वर्ग, घुमंतू व अर्ध-घुमंतू समुदायों को पात्रता अनुसार मय शौचालय आवास उपलब्ध कराने को कहा, पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत दूर-दराज तक ढाणियों व छोटी बस्तियों को सड़कों से जोड़ने, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रत्येक घर तक नल द्वारा जल पहुंचाने, कम भू- जल स्तर वाले क्षेत्रों में पीएम कृषि सिंचाई योजना से सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने सहित पीएम कुसुम योजना व पीएम सूर्य घर योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ते हुए सोलर पैनल लगाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। बागड़े ने कृषि अधिकारी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के लाभों के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए स्वयं किसानों द्वारा मृदा की जांच करवाने हेतु लैब में सैंपल भिजवाने के लिए जागरूक करने को कहा। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग, खनन विभाग, उद्योग विभाग सहित डेयरी विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर पात्रों तक लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कार्य योजना के साथ कार्य करने को कहा। बैठक के दौरान जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से विभागवार प्रगति की जानकारी प्रदान की। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, सीईओ जिला परिषद जयपुर प्रतिभा वर्मा, सीईओ जिला परिषद अलवर गौरव सालुंखे, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, नीमराना उपखंड अधिकारी महेंद्र यादव, नीमराना एडिशनल एसपी शालिनी राज, डीएसपी सचिन शर्मा नीमराना थाना प्रभारी राजेश मीणा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

#### आगमन पर स्वागत व अभिवादन

राज्यपाल के नीमराना आगमन पर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने अगुवानी की।राज्यपाल को जिला पुलिस दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# आशावाली ढ़ाणी में जिलाणी माता मेला आयोजित

### श्रद्धालुओं ने माता के दर पर मत्था टेक लगाई हाजिरी



मरुधर न्यूज

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** आशावाली ढ़ाणी के प्राचीन जिलाणी माता मंदिर पर बुधवार को माता का वार्षिक मेला एंव भंडारा आयोजित किया गया। मेला एवं भंडारा बाबा खेतानाथ आश्रम के महंत शंकर नाथ महाराज के साहित्य में आयोजन हुआ।मेले में दौलतसिंहपुरा क्षेत्र की 12 ढ़ाणियों सहित रोड़वाल,सिलारपुर,नाघोड़ी, नीमराना आदि अन्य गांवो से बड़ी संख्या में भक्त उमड़े।मंदिर भक्त एंव युवा समाजसेवी डॉ परमिंदर यादव ने बताया कि मेले में सुबह से शाम तक श्रद्धालु आए भक्तो ने मंदिर पर आकर माता की प्रतिमा के समक्ष ज्योत जलाकर धोक लगा कर अपने व अपने परिवार की खुशहाली को लेकर मन्नते मांगी।जिसके बाद सभी भक्तो ने यहां आयोजित भंडारे में पंगत प्रसादी ली।इस अवसर पर माता की स्तुति और गुणगान हरियाणवी कलाकारों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नीमराना क्षेत्र की किन्नर गुरु मधु शर्मा ने भी भाग लिया।ग्रामीणों ने किन्नर गुरु व कलाकारों का स्वागत किया।इस अवसर पर महेंद्र सौदागर,झुंथाराम पंच,धर्मवीर,छोटे लाल,सतीश कुमार,अतर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नत्थूराम सैन रोड़वालिया,रामपाल कुमावत,रोहिताश्व,विजय कुमार,मनोज कुमार यादव,माया देवी,बिमला देवी,अनारली देवी,गीता देवी,शर्मिला,सुरेश,हेमलता,अस्मिता,पिंकी,सुमन आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# फर्जी तरीके से की गई भूमि की बिक्री, संलिप्त तहसीलदार यशवंत कुमार निलंबित

मरुधर विशेष, करन सोनी

**बलरामपुर।** जिले के विकासखण्ड राजपुर के ग्राम भेस्की में फर्जी तरीके से भूमि बिक्री एवं पहाड़ी कोरवा के मृत्यु के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर के द्वारा की जांच रिपोर्ट के आधार पर सरगुजा संभागायुक्त के द्वारा तत्कालीन तहसीलदार एवं प्रभारी उप पंजीयक राजपुर यशवंत कुमार को निलंबित किया गया है। जांच रिपोर्ट में




पाया गया कि तत्कालीन तहसीलदार एवं प्रभारी उप पंजीयक राजपुर यशवंत कुमार के द्वारा ग्राम भेस्की निवासी जुबारो की जमीन को क्रेता शिवाराम के मध्य पंजीकृत बिक्रयनामा निष्पादित किया गया। जबकि सह खातेदार की भूमि होने के कारण पंजीयक द्वारा संपत्ति अंतरण अधिनियम पर विचार-विमर्श किये बिना पंजीयन नहीं किया जा सकता है। चूंकि बिक्रेता पहाड़ी कोरवा विशेष जनजाति समुदाय का व्यक्ति है और कलेक्टर सरगुजा के आदेश के द्वारा पहाड़ी कोरवा/पण्डो/मझवार तथा मांझी जनजाति की भूमि सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना खरीदी-बिक्री नहीं की जा सकती। इस प्रकार जुबारो की जमीन को क्रेता एवं अन्य के साथ मिलकर संयुक्त खाते की भूमि को छलपूर्वक एवं धोखाधड़ी कर संगठित अपराध किया गया है। तत्कालिन प्रभारी उप पंजीयक यशवंत कुमार के द्वारा उक्त आदेश का स्पस्ट उल्लंघन किया गया है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विरूद्ध है। इस संबंध में सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा के द्वार तत्कालीन तहसीलदार एवं प्रभारी उप पंजीयक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) (ख) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा उनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर, जिला सूरजपूर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में कुमार को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# कोल फेडरेशन एटक द्वारा कोल इंडिया में कार्यरत् ठेका श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन मांग दिवस के रूप में मनाया गया



मरुधर विशेष, करन सोनी

**सूरजपुर।** जिले के कोयलांचल क्षेत्र भटगांव क्षेत्र में एटक यूनियन के सैकड़ो कार्यकर्ता और पदाधिकारीयों ने भटगांव क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में रैली के माध्यम से सीएमडी बिलासपुर के नाम महाप्रबंधक भटगांव क्षेत्र को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में प्रमुख रूप से ठेका श्रमिकों को एचपीसी वेतन, मेडिकल सुविधा, वेतन पर्ची, मासिक वेतन भुगतान, कानून अनुसार छुट्टी, ठेका श्रमिकों के लिए कंपनी का आवास एवं उनके बच्चों को कंपनी के स्कूल में नामांकन सुविधा, महिला ठेका श्रमिकों को मातृत्व छुट्टी का लाभ, सीएमपीएफ, पेंशन की कटौती का विवरण की जानकारी के साथ, एमडीओ में कार्यरत श्रमिकों के निरीक्षण हेतु प्रबंधन और यूनियन की द्विपक्षी समिति बनाने की मांग किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय अध्यक्ष कौशलप्रसाद, क्षेत्रीय सचिव मनोज पांडे, अखलाक खान, प्रेमचंद सांडे, पुष्पराज सिंह, कुंजबिहारी यादव, शिवनाथराजवाड़े, आकाश विश्वकर्मा, रामचरणसूर्यवंशी, कलेश्वर रजवाड़े, भार्गव पटेल, पीआर परस्ते, महेंद्रसिंह, नरेंद्र श्रीवास्तव, अनूप राय, हसन आलम, सुर्यपालसिंह सक्रिय रहे।

# श्रद्धा भक्तिपूर्वक मनाया जानकी नवमी उत्सव

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**
कुशलगढ़: आज मंगलवार, दिनांक 6 मई 2025 को वैशाख शुक्ल नवमी तिथि पर जगदीश्वरी, जगतजननी, श्रीरामवल्लभा माता जानकीजी का प्राकट्योत्सव प्रातः सात बजे पीपली चौक स्थित श्री रघुनाथजी मन्दिर में श्री हनुमत चरित्र प्रचार समिति के सानिध्य में श्रद्धा भक्तिपूर्वक मनाया गया। जिसमें किंकर कपिल जोशी, विनोद जोशी, विमल जोशी, डॉ. अनुज वाघेल, श्रद्धालु माताओं-बहनों एवं भक्तों द्वारा 'भई प्रगट कुमारी जनक दुलारी सुकुमारी', 'जय जनक नन्दिनी जगत 'वन्दिनी', 'आज तो जनकपुरी आनन्द', 'दयाकर दयाकर जनक नन्दिनी', 'जयति जय जय जानको माँ' आदि स्तुतियां अर्पित की गई।वर्धित नागर ने ढोलक पर संगत दी। मुख्य यजमान कार्तिक हरेन्द्र वसानिया द्वारा माता जानकीजी की आरती उतारी गई एवं पंच दशा नेमा महाजन समाज, पीपली चौक ने सत्संग आयोजन की व्यवस्था की। इस अवसर पर मन्दिर पुजारी जयंतीलाल जोशी द्वारा श्री विग्रह का मनोहारी श्रृंगार किया गया ये जानकारी-किंकर कपिल जोशी ने दी।

मॉक ड्रिल को लेकर डीग प्रशासन अलर्ट

# जिला कलक्टर ने आमजन से सायरन बजने पर घर की रोशनी बंद करने की अपील की

### सायरन बजते ही गाड़ी रोक दे, घर से बाहर न निकले

मरुधर न्यूज

**संवाददाता सलीम खान डीग, ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर 7 मई को होने वाली मॉक ड्रिल को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी है।

युद्ध के दौरान होने वाले संभावित हवाई हमले की स्थिति से बचने के लिए होने वाली मॉक ड्रिल को लेकर स्थानिय जिला प्रशासन व पुलिस की टीमें अलर्ट मोड पर है। इसी सन्दर्भ में जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने मॉक ड्रिल को लेकर जानकारी दी व आमजन को सरकार प्रशासन के सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि बुधवार को मॉक ड्रिल कर आमजन को आपात हालात में सजग रहने की जानकारी दी जाएगी। मॉक



ड्रिल के दौरान साईरन की आवाज आते ही आमजन को 30 मिनिट तक घरों की लाईट बंद करनी ताकि दुश्मन को रोशनी के माध्यम से दिशा ज्ञान न हो पाए। घरों को 30 मिनिट तक अंधेरे में ही रखना है। यात्रा करते समय अपने वाहनो को भी बंद कर देना है। बताया गया कि सरकार के आदेशो की अव्हेलना करने वालो के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी हो सकती है। कलेक्टर ने लोगों से पैनिक नहीं करने की अपील की है।

# ऑनलाइन टास्क के नाम पर 1.30 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

### राजस्थान के जिला सीकर के रहने वाले हैं आरोपी

मरुधर न्यूज

**(अमित सैनी)** साइबर थाना रेवाड़ी पुलिस ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 1लाख 30 हजार रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला सीकर के गांव रतनपुरा की ढाणी सेरावतो निवासी अजय देग़ड़ा व मनीष कुमार के रूप में हुई है।

जांचकर्ता ने बताया कि मोहल्ला शिव कॉलोनी रेवाड़ी निवासी दीपक जैन ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 17 अप्रैल को उसके पास व्हाट्सएप मैसेज आया था। मैसेज करने वाली ने खुद को एक कंपनी की एचआर स्पेशलिस्ट बताते हुए ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने को कहा था। इसके बाद उसने उसके पास एक लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करने के




बाद उसने आईडी बना ली। शुरू में उसे टास्क के नाम पर 125 रुपये दिए गए। यह राशि आने के बाद उससे अलग-अलग यूपीआई आईडी पर तीन बार में 1.30 लाख ट्रांसफर करा लिए। जब उसने पैसा वापस पाने का प्रयास किया तो उससे और रुपये जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। जिस पर पुलिस ने साइबर थाना रेवाड़ी में ठगी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त दो आरोपी राजस्थान के जिला सीकर के गांव रतनपुरा की ढाणी सेरावतो निवासी अजय देग़ड़ा व मनीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में आरोपी मनीष कुमार ने साइबर ठगों को खाता मुहैया कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, जबकि आरोपी अजय देग़ड़ा के खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस द्वारा इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

# 23 हाथियों का दल चिलमा, नरसिंहपुर जंगल पहुंचा, मौके पर पहुंचे रेंजर



मरुधर विशेष, करन सोनी

**बलरामपुर।** जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र के चाची सर्किल के चिलमा और नरसिंहपुर जंगल में 23 हाथियों का दल सोमवार से घूम रहा है। मौके पर रेंजर वनकर्मियों के साथ पहुंचकर जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की समझाइश दी। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर वन



परिक्षेत्र से 23 हाथियों का दल सोमवार से जंगल में पहुंचकर घूम रहा है। वन विभाग ने इसकी सूचना तत्काल डीएफओ आलोक बाजपाई को दी। सूचना के बाद मौके पर रेंजर महाजन लाल साहू वनकर्मियों के साथ पहुंचकर आसपास के गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की समझाइश दी। ग्रामीणों को पंपलेट प्रदान कर गांव-गांव में हाथी मित्र दल वाहन में लाउडस्पीकर से वन विभाग अनाउंस करा रहा है। वर्तमान में 23 हाथियों का दल चिलमा और नरसिंहपुर के जंगल में घूम रहा है। मौके पर रेंजर महाजन लाल साहू सहित वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# नशे की हालत में ट्रैफिक पुलिस से उलझना युवक को पड़ा भारी, गिरफ्तार, लगेगा 10 हजार का जुर्माना, लायसेंस निरस्त

मरुधर विशेष

**करन सोनी जशपुर।** जशपुर में नशे की हालत में ट्रैफिक पुलिस से उलझना युवक को महंगा पड़ गया। एक दिन पहले कुनकुरी बस स्टैंड रोड में वाहन हटवाने के दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवान से बदसलूकी की थी। नशे की हालत में वाहन चलाने के कारण मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत भी कार्यवाही की जावेगी। और 10,000 रुपए का जुर्माना भी लगेगा। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ लायसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरु की गई है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि यातायात आरक्षक क्रमांक 507 निरोज कुजूर के द्वारा थाना कुनकुरी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, कि दिनांक 05.05.25 को वह प्रतिदिन की भांति, यातायात व्यवस्था ड्यूटी हेतु, थाना से रवाना होकर कुनकुरी टाउन रवाना हुआ था, कि ड्यूटी दौरान शाम करीबन 04.30 बजे वह बस स्टैंड रोड में यातायात व्यवस्था पर था, कि उसी समय रारा मेडिकल स्टोर कुनकुरी के सामने एक हुंडई एसेंट कार क्रमांक ष्टल14ख्र9087 को बीच रोड पर खड़ी कर दिया गया था, जिससे रोड, सकरी होने के कारण ट्रैफिक जाम हो गया था, व पीछे तीन चार वाहनों की कतार लग गई थी, जिस पर प्रार्थी ट्रैफिक जवान निरोज कुजूर के द्वारा ट्रैफिक जाम खुलवाने हेतु, उक्त कार चालक को गाड़ी हटाने हेतु कहने पर, कार




चालक व उसका साथी जो कि शराब के नशे में थे,गाड़ी से उतरे व ट्रैफिक पुलिस के जवान को गंदी गालियां देते हुए, तुम कौन होते हो हमें रोकने वाले, तुम्हारी वर्दी उतरवा देंगे, जान से मारकर फेंक देंगे, कहते हुए, प्रार्थी ट्रैफिक जवान के कालर को पकड़ कर धक्का मुक्की करने लगे, व प्रार्थी की मोबाइल फोन को निकाल कर पटक दिए हैं,। पूछताछ करने पर कार चालक का नाम नवीन साय निवासी ,बेने चटकपुर व उसके साथी का नाम दीपक पाठक, निवासी बेने चटकपुर, थाना नारायणपुर जिला जशपुर का होना बताए, जिनके द्वारा प्रार्थी ट्रैफिक जवान के कर्तव्य निर्वहन के दौरान गंदी गालियां देकर, जान से मारने की धमकी देते हुए, हाथापाई कर इसके कर्तव्य में बाधा उत्पन किया गया है। रिपोर्ट पर थाना कुनकुरी में आरोपी नवीन साय व दीपक पाठक के विरुद्ध ट्रैफिक जवान से बदसलूकी कर शासकीय कार्य में बाधा डालने के लिए बी एन एस की धारा 296,115(2),351(2),132,121(1) व 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनो आरोपी को हिरासत में लिया गया व आरोपियों का डॉक्टर से मुलाहिजा कराया गया, तथा डॉक्टर की रिपोर्ट के आधार पर शराब पीकर वाहन चलना पाया गया है। जिस पर पुलिस के द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने को लेकर आरोपी चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत भी कार्यवाही की जावेगी,साथ ही पुलिस के द्वारा आरोपियों की लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी क्रमशः 1. नवीन साय, उम्र 36वर्ष, निवासी ग्राम बेने चटकपुर, थाना नारायणपुर जिला जशपुर ( छ. ग) । 02. दीपक पाठक, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम बेने चटकपुर, थाना नारायणपुर जिला जशपुर ( छ. ग)। को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन के द्वारा रवैया अपनाया जावेगा, कानून के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को भी नहीं दी जावेगी।

# ऑपरेशन शंखनाद जारी , जशपुर पुलिस ने 12 नग गौ वंशों को कराया तस्करों के चंगुल से मुक्त दो पशु तस्करों को लिया हिरासत में, भेजा जावेगा जेल

मरुधर विशेष

**करन सोनी जशपुर।** ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस करा चुकी है, 850 से अधिक गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त गौरतलब है कि जशपुर पुलिस के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में गौ तस्करों के विरुद्ध ऑपरेशन शंखनाद के तहत् लगातार अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पुलिस को सफलता भी मिल रही है, पुलिस के द्वारा ऑपरेशन शंखनाद जारी होने के दिनांक से अब तक 850 से अधिक गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है, इसी तारतम्य में चौकी मनोरा क्षेत्र अंतर्गत मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि चौकी मनोरा पुलिस को दिनांक 05.05.25 की रात्रि में मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कुछ व्यक्ति 12 नग गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक



मारते पीटते हुए चौकी मनोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम खूंटा पानी, डुमरटोली के जंगल के रास्ते , गोविंदपुर झारखंड की ओर ले जा रहे हैं, जिस पर मनोरा पुलिस के द्वारा तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना के संबंध में अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश में ग्राम खूंटा पानी, डुमरटोली जाकर मुखबिर के बताए अनुसार पाया कि कुछ व्यक्ति के 12 नग गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक मारते पीटते हुए, हांकते हुए ले जा रहे थे, जिस पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी बंदी कर 12 नग गौ वंशों को सकुशल बरामद कर लिया गया है, व तस्करी में संलिप्त दो तस्करों सुखलाल भगत उम्र 43 वर्ष निवासी डड़गांव, चौकी मनोरा, जिला जशपुर ( छ. ग) व निलेश भगत, उम्र 22 वर्ष,निवासी डड़गांव, चौकी मनोरा, जिला जशपुर ( छ. ग) को हिरासत में लिया गया है। तस्करी में सम्मिलित अन्य तस्कर पुलिस को आता देख रात्रि में,जंगल का फायदा उठा कर फरार हो गए है, पुलिस के द्वारा फरार आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया है, पुलिस फरार आरोपियों की पता साजी कर रही है, जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी आरोपी तस्करों ने बताया कि वे गोविंदपुर निवासी एक गोला खान नाम के व्यक्ति के कहने पर गौ वंशों को ग्राम औरकेला, थाना आस्ता, से लेकर गोविन्दपुर (झारखंड) ले जा रहे थे। जिसके सम्बन्ध में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस के द्वारा आरोपी तस्कर सुखलाल भगत, उम्र 43 वर्ष, निवासी डड़गांव, चौकी मनोरा, जिला जशपुर ( छ. ग) व निलेश भगत, उम्र 22 वर्ष,निवासी डड़गांव, चौकी मनोरा, जिला जशपुर ( छ. ग)के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की विवेचना व आरोपी की गिरफ्तारी तथा गौवंशों की बरामदगी में चौकी प्रभारी मनोरा उप निरीक्षक दिनेश पुरैना, प्रधान आरक्षक बितीन कुमार भगत, प्रीतम टोप्पो, आरक्षक रवि पैंकरा व भीखाराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन शंखनाद के तहत चौकी मनोरा अंतर्गत 12 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है, दो पशु तस्करों को हिरासत में लिया गया है,फरार तस्करों की पतासाजी जारी है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पोप का चुनाव: कॉन्क्लेव से पहले ऑनलाइन सट्टा शुरू; यूरोपा लीग-फॉर्मूला वन चैंपियनशिप से भी बढ़कर लग रहे दांव



**वेटिकन सिटी, एजेंसी।** दुनिया के 1.4 अरब कैथोलिकों के नेता के रूप में पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी का चुनाव करने के लिए अगले सप्ताह होने वाला सम्मेलन सदियों पुरानी परंपराओं से जुड़ा है। हालांकि, अगले पोप को लेकर दोस्तों और परिवारों से लेकर ऑनलाइन गेम तक सट्टा लगना शुरू हो गया है। प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'ऑड्सचेकर' के ब्रिटिश मैनेजर सैम ईटन ने कहा कि यह सट्टेबाजी यूरोपा लीग सॉकर टूर्नामेंट और फॉर्मूला-वन ड्राइवरों की चैंपियनशिप से भी आगे निकल गई है। ऑड्सचेकर एक प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो खेल, आयोजनों और अन्य बाजारों में बाधाओं का विश्लेषण करता है। ईटन ने कहा, पोप के चुनाव को लेकर विश्व स्तर पर बहुत अधिक रुचि है। मुझे नहीं लगता कि हमारे पास ऐसा कोई बाजार है, जहां इतने सारे देश इस चुनाव को देखने में रुचि रखते हों। दुनियाभर में अगले पोप पर हजारों लोगों ने दांव लगाए हैं। उन्होंने बताया, करीब 140 देशों से लाखों लोग अगले पोप बनने की प्रत्येक कार्डिनल की संभावनाओं की समीक्षा करने के लिए ऑड्सचेकर पर आए हैं। इसके लिए ब्रिटेन, आयरलैंड और अमेरिका में विशेष उत्सुकता देखी गई। यह वैश्विक रुचि का विषय भी है। इटली में पोप चुनाव और सभी धार्मिक आयोजनों पर सट्टा लगाना प्रतिबंधित है। रोम में दोस्ताना दांव से लेकर फैंटापापा या फैंटेसी पोप नामक ऑनलाइन गेम की ओर रुख भी कर रहे हैं। यह लोकप्रिय फैंटेसी फुटबॉल व सॉकर लीग के समान है। कार्डिनलों की काल्पनिक टीमें बनाकर 60,000 से अधिक लोग इसे खेल रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति सॉकर टीम की तरह 11 कार्डिनल्स चुन रहा है। ब्रिटेन में एक प्रमुख ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच पर करीब 30,000 पाउंड (लगभग 40,000 डॉलर) का दांव लगाया गया। अरबपति ले फेल्प्स ने कहा, 21 अप्रैल से, हमने हजारों दांव लगाए हैं। अनियमित व अवैध क्षेत्र में सबसे बड़ी साइटों में से एक ने पोप के दांव में अब तक 1 करोड़ डॉलर का दांव लगाया है। वेटिकन कर्मियों ने सिस्टिन चैपल में एक स्टोव स्थापित किया है। यहां नए पोप के चुनाव के लिए आगामी कॉन्क्लेव के दौरान मतपत्र जलाए जाएंगे। एक दिन पहले ही इसके लिए चिमनी की तैयारी की गई, जिनमें से निकलने वाले धुएं को देखकर पोप के चयन का पता चलेगा। शनिवार को स्टोव लगाने और भित्तिचित्रों से सजे सिस्टिन चैपल में एक फर्श भी लगाया गया, ताकि इसे समतल बनाया जा सके।

### सेशेल्स की सफल यात्रा के बाद आईएनएस सागर मालदीव के लिए रवाना

**विक्टोरिया पोर्ट, एजेंसी।** भारतीय युद्धपोत आईएनएस सागर सेशेल्स की सफल यात्रा के बाद विक्टोरिया पोर्ट से मालदीव के लिए रवाना हो गया। यह यात्रा भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत करने के लिए की गई, जिसमें पेशेवर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। भारतीय नौसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 2 मई 2025 को भारतीय महासागर जहाज (आईओएस) सागर सेशेल्स की अपनी सफल यात्रा के बाद आगे बढ़ गया। इस दौरान भारत और सेशेल्स के बीच मिलकर काम करने का अच्छा अनुभव मिला। अब यह जहाज मालदीव के लिए निकल पड़ा है, जहां यह समुद्री सुरक्षा और सहयोग को आगे बढ़ाएगा।

### यमन के प्रधानमंत्री मुबारक ने राजनीतिक विवाद के कारण इस्तीफा दिया

**साना, एजेंसी।** यमन के प्रधानमंत्री अहमद अवद बिन मुबारक ने शनिवार को सत्तारूढ़ राष्ट्रीय परिषद के साथ विवाद के कारण इस्तीफा दे दिया। मुबारक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने अपना इस्तीफा सत्तारूढ़ राष्ट्रपति परिषद के प्रमुख रशद अल-अलीमी को भेजा। मुबारक को फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री बनाया गया था। मुबारक ने कहा कि वे सरकार में सुधार के लिए जरूरी निर्णय लेने और आवश्यक कैबिनेट फेरबदल को अंजाम देने में असमर्थ हैं।

### युगांडा की महिला को गुलाम की तरह रखने पर संयुक्त राष्ट्र की जज को 6 साल की जेल

**कंपाला, एजेंसी।** यूनाइटेड नेशंस की एक जज को एक महिला से गुलाम की तरह जबरन काम करवाने के मामले में 6 साल 4 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। 50 वर्षीय लीडिया मुगांबे कानून में पीएचडी करने के लिए ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में थीं। उनके घर से पुलिस को युगांडा की युवती मिली, जो बिना किसी सैलरी के नौकरानी और आया का काम कर रही थी। मुगांबे युगांडा में हाई कोर्ट की जज भी हैं। उन्हें ऑक्सफोर्ड क्राउन कोर्ट ने मार्च में मॉडर्न डे स्लेवरी (आधुनिक दासता) के अपराध में दोषी ठहराया था।

# सिंगापुर आम चुनाव में पीएम लॉरेंस वोंग की जीत: 97 में से 87 सीटें मिलीं, 50 साल से सत्ता पर काबिज पार्टी

**सिंगापुर सिटी, एजेंसी।** सिंगापुर में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग और उनकी पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने शनिवार को जीत हासिल की। पार्टी को 97 संसदीय सीटों में से 87 सीटें मिलीं। जीत के बाद प्रधानमंत्री वोंग ने कहा कि हम मजबूत जनादेश के लिए आभारी हैं। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट कर वोंग को जीत की बधाई दी है। चुनाव में मुख्य मुकाबला 1965 से सत्ता पर काबिज पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और प्रमुख विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) के बीच था। इनके अलावा कई अन्य छोटे दल भी चुनावी मैदान में थे। चुनाव विभाग ने बताया कि देश के 26 लाख लोगों ने 1240 वोटिंग सेंटर्स पर 92 सीटों के लिए अपने वोट डाले। दरअसल, सिंगापुर की संसदीय सीटें सिंगल मेंबर कॉन्स्टिट्यूएंसी (एसएमएसी) और ग्रुप रिप्रेजेंटेशन कॉन्स्टिट्यूएंसी (जीआरसी) के दो हिस्सों में बंटी हैं। जीआरसी में 4-5 उम्मीदवारों की टीम चुनाव लड़ती है, जिसमें कम से कम एक अल्पसंख्यक समुदाय (मलय, भारतीय, या अन्य) का उम्मीदवार होना जरूरी होता है। ऐसी ही एक सीट पीएपी निर्विरोध जीत चुकी थी। 1948 में पहले आम चुनाव के बाद से यह सिंगापुर का 19वां और 1965 में स्वतंत्रता के बाद से 14वां चुनाव था। पीएम वोंग ने पिछले मई में ली सीन लूंग के करीब 20 साल बाद पद छोड़ने पर नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। पीएम पद के प्रमुख





दावेदार लॉरेंस वोंग: 15 मई 2024 को ली सीन लूंग की जगह लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री का पद संभाला था। वो पीएपी के महासचिव भी हैं। इससे पहले वो वित्त मंत्री और उपप्रधानमंत्री के जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। कोविड-19 के वक्त लिए गए फैसलों और आर्थिक नीतियों की वजह से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी।

**हेंग स्वी कीट:** सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री हैं। वे पीएपी के सीनियर लीडर हैं। हेंग को पहले मजबूत दावेदार माना जाता था, लेकिन 2021 में उन्होंने स्वास्थ्य वजहों से प्रधानमंत्री पद की दौड़ से खुद को अलग कर लिया था। अगर किसी वजह से लॉरेंस वॉन्ग पीछे हटते हैं तो हेंग स्वी कीट प्रमुख उम्मीदवार बन सकते हैं।

**प्रीतम सिंह:** वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह भी सिंगापुर की राजनीति में एक प्रमुख चेहरा हैं, हालांकि उनके प्रधानमंत्री बनने की संभावना न के बराबर है, क्योंकि उनकी पार्टी सिर्फ 26 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। भारतीय मूल के प्रीतम सिंह की लीडरशिप में वर्कर्स पार्टी ने पिछले चुनाव में मजबूत प्रदर्शन करते हुए 10 सीटें जीती थी। इस साल फरवरी में उनका नाम तब विवादों में घिर गया था जब सिंगापुर की एक अदालत ने उन्हें संसद में शपथ लेकर झूठ बोलने के दो मामलों में दोषी करार दिया था। इसके लिए उन पर 5,220 डॉलर के दो जुर्माने भी लगाए गए थे। सिर्फ पीएपी ही सभी सीटों पर चुनाव लड़ी थी चुनाव में 11 पार्टियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन सिर्फ पीएपी ने ही सभी 97 सीटों पर चुनाव लड़ा था। वर्कर्स पार्टी ने सिर्फ 26 सीटों के लिए चुनाव लड़ा था। सिर्फ छह पार्टियां ही 10 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ी थीं। 2020 के आम चुनाव में कुल 93 सीटों के लिए वोटिंग की गई थी, जिसमें पीएपी ने 83 सीटें जीती थीं, उसे 61.24 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि वर्कर्स पार्टी ने 10 सीटें जीती थीं। इस बार के चुनाव में आर्थिक विकास, रोजगार, बढ़ती महंगाई, हेल्थ, एजुकेशन और अल्पसंख्यक समुदाय की सरकार में हिस्सेदारी एक प्रमुख मुद्दा था। पीएम वोंग और पीएपी ग्लोबल इकोनॉमी पर अमेरिकी टैरिफ की वजह से पैदा हुई अनिश्चितताओं के बीच ने जनता से नया जनादेश मांगा था। सिंगापुर में मतदान करना एक सिविल ड्यूटी सिंगापुर में 21 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों के लिए वोटिंग अनिवार्य है। 2020 के चुनाव में कुल 95.81 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार भी उम्मीद है कि वोटिंग परसेंट काफी हाई होगा, क्योंकि सिंगापुर में मतदान को सिविल ड्यूटी माना जाता है। सिंगापुर में फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट सिस्टम का इस्तेमाल होता है, जिसमें सबसे ज्यादा वोट पाने वाले उम्मीदवार की जीत होती है। भारतीय समुदाय को लुभाने की कोशिश पीएम वॉन्ग ने भारतीय समुदाय को रिझाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कुछ वक्त पहले कहा था कि भारतीय समुदाय की कहानी सिंगापुर की कहानी का हिस्सा है। दूसरी तरफ विपक्ष दल डब्ल्यूपी का फोकस युवा मतदाताओं और शहरी मध्यम वर्ग को लुभाने पर है। प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉन्ग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उनकी पीएपी पार्टी इस चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी।

### ट्रंप ने दिया था मैक्सिको में अमेरिकी सेना तैनात करने का प्रस्ताव, राष्ट्रपति शिनबाम ने सिरे से नकारा





**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मैक्सिको से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सेना को तैनात करने का प्रस्ताव दिया। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने इसे सिरे से नकार दिया है। ट्रंप से फोन पर हुई बातचीत को लेकर प्रकाशित एक रिपोर्ट के जवाब में मैक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने यह बात कही। रिपोर्ट में कहा गया था कि फोन कॉल के दौरान ट्रंप ने कथित तौर पर शिनबाम पर मैक्सिको में ड्रग माफियाओं से लड़ने के लिए अमेरिकी सेना की बड़ी भूमिका स्वीकार करने के लिए दबाव डाला था।

शिनबाम ने कहा कि कॉल पर ट्रंप ने कहा था कि हम नशीले पदार्थों की तस्करी से लड़ने में आपकी कैसे मदद कर सकते हैं? मेरा प्रस्ताव है कि संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना आकर आपकी मदद करे। आप जानते हैं मैंने उनसे क्या कहा? मैने कहा कि नहीं राष्ट्रपति ट्रंप। संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है। संप्रभुता को प्यार किया जाता है और उसकी रक्षा की जाती है।

जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों को रोकने के लिए सेना को लगाया है। इसके बाद से मैक्सिको के साथ दक्षिणी सीमा पर अमेरिकी सैन्य उपस्थिति में लगातार वृद्धि हुई है। अमेरिकी उत्तरी कमान ने सीमा पर सैनिकों और उपकरणों की संख्या बढ़ा दी है। सीमा से नशीले पदार्थों की तस्करी पर नजर रखने के लिए मानवयुक्त निगरानी उड़ानों में इजाफा किया गया है। साथ ही माफिया के खिलाफ अभियान चलाने वाले मैक्सिकन बलों के साथ मिलकर काम करने के लिए अमेरिकी विशेष बलों के लिए विस्तारित अधिकार की मांग की है। ट्रंप ने 19 फरवरी को अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले कई गिरोहों और कार्टेलों को आतंकी संगठन घोषित कर दिया।

### अचानक क्रैश हुआ प्लेन, पायलट की मौत, रिहायशी इलाके में गिरा विमान, दो घरों को नुकसान!



**कैलिफोर्निया , एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में अचानक एक प्लेन क्रैश हो गया. इस घटना में पायलट की जान चली गई. वहीं, विमान दो घरों की छत पर गिर गया, जिससे घरों में आग लग गई. इस आग को बुझाने फायरब्रिगेड के 40 से ज्यादा कर्मचारी मौके पर पहुंचे. कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. जानकारी के मुताबिक, प्लेन गिरने के कारण घरों के एक बड़े हिस्से को नुकसान हुआ है. जानकारी के मुताबिक, शनिवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक सिंगल सीटर प्लेन क्रैश हुआ, जिससे एक पायलट की मौके पर मौत हो गई. यह हादसा रिहायशी इलाके में हुआ, जिसकी वजह से दो घरों को नुकसान पहुंचा. फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसे के वक्त लोग घरों में मौजूद थे, लेकिन उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया।

# इन्द्रा हैप्पी विद्यालय ने सफलतापूर्वक किया पचास साल का सफर, धूमधाम के साथ मनाई जाएगी गोल्डन जुबली

## जिला कलक्टर किशोर कुमार और जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार समारोह में होंगे शामिल

### इन्द्रा हैप्पी स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा वार्षिक उत्सव समारोह

मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अग्रणी भूमिका निभाने वाला इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल 10 मई को धूमधाम के साथ मनाएगा वार्षिक उत्सव समारोह। राजस्थान के अलवर जिले के खैरथल में शिक्षा विद स्वर्गीय डॉक्टर एमपी खुराना जी ने वर्ष 1976 में इन्द्रा हैप्पी स्कूल के नाम से पहला निजी विद्यालय खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में नई अलख जगाई थी। स्वर्गीय डॉक्टर एमपी खुराना जी के अनुभवो और श्रीमती इन्द्रा पाल खुराना के







मार्गदर्शन पर लगातार सफलता की बुलंदियों को छू रहे इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल ने 50वीं साल में प्रवेश कर लिया है। स्कूल परिवार गोल्डन जुबली मनाने की तैयारी कर रहा हैं। संस्था के डायरेक्टर पंकज खुराना ने बताया कि दस मई 2025 को स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर धूमधाम के साथ वार्षिक उत्सव समारोह मनाया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर किशोर कुमार खैरथल - तिजारा रहेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार खैरथल-तिजारा करेंगे। यादगार शाम बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चे देंगे मनमोहक प्रस्तुति । अतिथियों द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित। खुराना ने बताया कि वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान ही महिला दिवस भी मनाया जाएगा जिसमें महिलाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की तैयारी को लेकर पूरा स्कूल परिवार जुटा हुआ है। पंकज खुराना ने बताया कि उनके पिता शिक्षा विद स्वर्गीय डॉक्टर एमपी खुराना जी ने वर्ष 1976 में खैरथल में पहला निजी इन्द्रा हैप्पी विद्यालय खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में नई अलख जगाई थी, इन्द्रा हैप्पी विद्यालय ने सफलतापूर्वक पचास साल का सफर तय कर लिया है। ये 50 साल बेमिसाल रहे हैं, जिसको लेकर स्कूल परिवार में हर्ष का माहौल है। स्कूल परिवार गोल्डन जुबली मनाने की तैयारी में जुट गया है। पंकज खुराना ने बताया कि इन्द्रा हैप्पी विद्यालय में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी आज देश के विभिन्न प्रांतो में बड़े पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की कलेक्टर ने की समीक्षा पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

## लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के दिये निर्देश

मरुधर विशेष

**करन सोनी** कोरिया। जिले में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी ने की।

कलेक्टर त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार व जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर व्यक्तिगत रुचि लेकर तत्परता से कार्य करें। कलेक्टर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कहा कि प्राप्त आवेदनों के शीघ्र समाधान और पारदर्शिता से जनता को समाधान शिविरों में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मांग और शिकायतों से जुड़े आवेदनों पर




कार्रवाई की गई है, लेकिन अब यह आवश्यक है कि समाधान शिविरों में आम जनता के समक्ष इन कार्यवाहियों की जानकारी भी पूरी पारदर्शिता के साथ दी जाए। उन्होंने सभी विभागों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी शिविर स्थलों पर आमजन को देने को कहा, ताकि पात्र हितग्राही इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

बैठक में बैकुण्ठपुर व सोनहत के एसडीएम और संबंधित तहसीलों के तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे राजस्व पखवाड़ा और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

न्होंने पटवारी, ग्राम विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं पर्यवेक्षकों की कार्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पेयजल व्यवस्था, विधुत कनेक्शन, विद्यार्थियों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र व राशन कार्ड आदि से संबंधित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला वनमण्डलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेशी, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, डी.डी. मंडावी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बहतुकला थाना पुलिस ने राज-काज में बाधा पहुंचाने वाला एक आरोपी किया गिरफ्तार

मरुधर विशेष

**कठूमर ।** (दिनेश लेखी) बहतुकला थाना पुलिस ने 28 मार्च को पुलिस के साथ मारपीट व राजकाज में बांधा पहुंचाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफतार कर चुकी हैं। जिन्हें जेल भेजा जा चुका है।अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थानाधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि 28 मार्च को थाना पुलिस अवैध शराब के मामले में आरोपी को पकड़ने नंगली भवाना गई थी।तो वहां महिला व पुरुषों ने राजकाज में बांधा




पहुंचाते हुए पुलिस पर पथराव कर दिया।इस मामले में थाने के हैड कांस्टेबल सियाराम द्वारा पन्द्रह जनों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए मंगलवार को हुकम सिंह पुत्र श्रीचंद जाति जाटव को गिरफ्तार कर लिया।

### माजरी कलां स्कूल के बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत साइबर क्राइम, ई-श्रम पोर्टल के बारे में किया जागरूक

मरुधर न्यूज

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति बहरोड के तत्वाधान में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय माजरी कलां में विधिक जागरूकता कैंप का आयोजन मंगलवार को किया गया ।जहां पर न्याय मित्र किरण ने उपस्थित विद्यार्थियों व शाला स्टाफ को जनजातीय अधिकारों का संरक्षण व प्रवर्तन अधिकार,साइबर क्राइम, और विद्यालय में अध्ययनरत मजदूर वर्ग के विद्यार्थियों को ई श्रम पोर्टल पर अपने अभिभावक का पंजीयन करने के लिए जागरूक किया ताकि उन्हें ई श्रम कार्ड द्वारा मिलने वाले




लाभ मिल सकें। इसके साथ ही स्कूल प्रधानाचार्य नगेन्द्र कुमार आर्य ने भी ई श्रम कार्ड के बारे में बताया कि इससे बच्चों को छात्रवृत्ति, कार्डधारी को 60वर्ष के बाद मासिक पेंशन आदि का लाभ भी प्राप्त होता है। इस अवसर पर शाला स्टाफ कविता बाई, महेंद्र सिंह, हवासिंह सुरेलिया, संतोष यादव, सुभलता यादव, राजबीर यादव आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# क्या होती है एण्टी एजिंग?



**इन्ट्रिंसिक** एजिंग जैसा कि नाम से जाहिर है यह अंदरूनी कुदरती एजिंग प्रक्रिया से संबंधित है, जो अनिवार्य है और लगातार होती है। यह हमारे 20 के दशक के मध्य से ही शुरू हो जाती है जब हमारे शरीर की कुदरती पुनर्निर्माण (रिजेनेरेटिव) प्रक्रिया धीमी पड़ने लगती है। त्वचा की पुरानी एपिडर्मल सेल्स नई सेल्स द्वारा बदलने की गति धीमी हो जाती है कोलेजेन और इलास्टिन की कमी होने से त्वचा में शिथिलता शुरू हो जाती है। कोलेजेन और इलास्टिन, प्रोटीनों के प्रकार हैं जो शरीर की त्वचा और टिश्यूज में पाए जाते हैं। ये त्वचा को मजबूत बनाए रखने में और लचीलेपन में क्रमशः सहायक होते हैं। ये बदलाव वर्षों तक नजर ही नहीं आते क्योंकि ये बहुत धीमी गति से होते हैं। इन्ट्रिंसिक एजिंग पर जेनेटिक्स और अंदरूनी कारणों जैसे हार्मोन स्तरों का असर पड़ता है।


## क्या है एजिंग और इसका उपचार

एक्सट्रिंसिक एजिंग या बाहरी कारणों से होने वाली एजिंग, एजिंग की नार्मल प्रक्रिया से जुड़कर हमारी त्वचा पर समय से पहले उम्र का असर दिखाने लगती है। प्री-मेच्योर एजिंग के सबसे कॉमन बाहरी कारणों में शामिल हैं- सन एक्सपोजर (फोटो-एजिंग) और स्मोकिंग। अन्य बाहरी कारणों में हैं बार-बार दोहराए जाने वाले फेशियल एक्सप्रेशंस, स्लीपिंग पोजिशंस और ग्रेविटी।

जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, 50 की उम्र के बाद त्वचा में पतलापन आने लगता है और आंखों के आसपास और माथे पर फाइन लाइन्स (फाइन लाइन्स) बनने लगती हैं जो बार-बार दोहराए जाने वाले फेशियल मूवमेंट्स के कारण बनती हैं। त्वचा और मसल्स के बीच फैटी टिश्यूज कम होते जाते हैं (सबक्यूटानियस सपोर्ट) जो उभरे गालों और आंखों के सॉकेट्स के रूप में मौजूद होते हैं और गर्दन तथा हाथों में भी कसावट कम हो जाती है। घटती रक्त वाहिनियों के कारण त्वचा अपनी आभा खो बैठती है। इन बदलावों के अलावा ग्रेविटी अपनी भूमिका निभाती है और त्वचा शिथिल होती जाती है। यह पतली हो जाने वाली त्वचा नाजुक और असुरक्षित हो जाती है और नार्मल हीलिंग में काफी वक्त लगने लगता है। रिंकल्स, फाइन लाइन्स आदि सभी क्षतिग्रस्त त्वचा की ही विशेषताएं हैं। एजिंग के साथ सीबम तैयार करने वाली ग्रंथियां कम काम करती हैं जिससे त्वचा ड्राइ, संवेदनशील और आसानी से डैमेज हो सकने वाली हो जाती है। आपकी त्वचा पर मोल्स(तिल) को किसी दिखावटी बदलाव जैसे कि आकार-प्रकार में बदलाव, ब्लीडिंग और खराश आदि के लिए जांचना चाहिए। किसी बदलाव पर डॉक्टर से सलाह ले ये त्वचा कैंसर का शुरूआती लक्षण हो सकता है।

# ब्यूटी उत्पादों से हो सकता है इनफेक्शन

खूबसूरत दिखना हर किसी की चाहत होती है। खास मौकों पर सज-संवरकर चेहरे की सुंदरता बढ़ाने में वैसे तो कोई बुराई नहीं, लेकिन कई बार लोगों की रोजाना भारी-भरकम मेकअप करने की आदत होती है जिससे आपकी त्वचा में इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। ब्यूटी उत्पाद में कई सारे केमिकल होते हैं जिनका ज्यादा या हर रोज प्रयोग करना आपकी कोमल त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। ज्यादातर लोगों को इस बात की जानकारी नहीं होती है कि ब्यूटी उत्पाद जिनका आप हर रोज प्रयोग कर रहे वो आपको खूबसूरत बनाने की बजाय आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा रहा है।



### ब्लीच

लोग स्किन की टैनिंग कम करने के लिए या चेहरे के बालों को छिपाने के लिए ब्लीच की मदद लेते हैं। कई बार लोग इसे कम दिनों के अंतर पर प्रयोग करने लगते हैं जबकि ऐसा करना आपकी त्वचा को ना सिर्फ बेजान बनाता है बल्कि इससे कई बार स्किन एलर्जी की समस्या भी हो जाती है।

**उपायः** ब्लीच को 24 घंटे पहले कान के पीछे लगाकर टेस्ट कर लें, अगर कोई एलर्जी न हो तभी ब्लीच करें। टेनिंग दूर करने के लिए ब्लीच कर रहे हैं तो संतरे, पपीते का पल्प या चंदन पाउडर लगा सकते हैं।

### डियो और परफ्यूम

डियोड्रेंट का ज्यादा प्रयोग अंडर आर्म्स की त्वचा को काला कर उसे नुकसान पहुंचाता है। खुजली की समस्या हो, परफ्यूम से छींके आती हों या सांस के रोगी हों तो इनका प्रयोग न करें क्योंकि उन लोगों के लिए यह काफी खतरनाक हो सकता है।

**उपायः** डियो या परफ्यूम में कैमिकल्स होते हैं, इन्हें सीधे बॉडी पर न लगाकर कपड़ों पर लगाएं।



### नेलपॉलिश

नेलपॉलिश लगाने के बाद हमें नाखूनों की मैल नहीं दिखती जिससे पेट में इंफेक्शन हो सकता है। इसके अलावा नाखूनों पर हमेशा नेलपॉलिश लगाने से नाखूनों में पीलापन भी आ जाता है जो संक्रमण का कारण हो सकता है।

**उपायः** नाखूनों की सफाई का ध्यान रखें और खाना बनाने या खाने से पहले नेलपॉलिश को सुखा लें।

### फाउंडेशन और ब्लशर

इनके रोजाना प्रयोग से चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। त्वचा के अंदर जमी गंदगी और तेल बाहर नहीं आ पाते, जिससे छिद्रों में मवाद जमने से कील-मुहांसे होने लगते हैं।

**उपायः** ब्यूटी प्रोडक्ट की क्वॉलिटी का ख्याल रखें। त्वचा ऑयली है तो वॉटर बेस प्रोडक्ट और रूखी है तो ऑयल बेस स्किन प्रोडक्ट का प्रयोग करें। चेहरा नॉन-कॉमेडोजॉनिक क्लींजर से साफ करें, इससे रोमछिद्र खुलने से गंदगी निकल जाती है।

### आई मेकअप के नुकसान


अगर आप आई मेकअप करने के बाद आंखों में कॉन्टेक्ट लैंस लगाते हैं तो ऐसे में बैक्टीरिया कॉर्निया तक पहुंच जाता है जिससे कोर्नियल इंफेक्शन का खतरा रहता है। कई बार मेकअप करने से बैक्टीरिया का मैंब्रेन (झिल्ली) से संपर्क होता है, जिससे कंजक्टिवाइटिस हो जाता है। इसमें आंखें लाल हो जाती हैं और आंखो से पानी आने लगता है।

**उपायः** मस्कारे व आई लाइनर का प्रयोग कम करें। मस्कारे को कम से कम 4 महीने के अंतराल और आईशैडो को दो साल में बदल लें। तो अब जब भी आप आगे से मेकअप के सामान का प्रयोग करें तो अपनी त्वचा का भी खास ख्याल रखना चाहिए क्योंकि आपकी त्वचा है खास।

## बच्चों के साथ हो दोस्ती

सोशल नेटवर्किंग साइट पर भी अपने बच्चों से हमेशा जुड़े रहिए, इससे आप उनकी हर वक्त की गतिविधि के बारे में जानकारी ले सकेंगे। इसके लिए अपने बच्चे के साथ दोस्ती कीजिए, उनकी फ्रेंडलिस्ट में खुद को शामिल कीजिए, और उनके हर वक्त के अपडेट से अवगत होते रहिए।





# पुरुषों में थायराइड होने के लक्षण

**थायराइड** बहुत ही आवश्यक ग्रंथि है। यह ग्रंथि गले के अगले-निचले हिस्से में होती है। यह ग्रंथि होती तो बहुत छोटी है लेकिन, हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखने में इसका बहुत योगदान होता है। थायराइड जो आपके शरीर में हार्मोन के असंतुलन का परिणाम है। वैसे, महिलाओं में थायराइड की समस्या काफी तेजी से उभरती है और पुरुषों की तुलना में उनमें यह समस्या ज्यादा होती है, पर पुरुष भी इससे अनछुए नही हैं। थायराइड को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। क्योंकि इसके लक्षण एक साथ नही दिखते है। पुरूषों में थायराइड के लक्षण समस्या के प्रकार पर निर्भर करता है, यह किसी भी अंतर्निहित कारण, जीवन शैली में परिवर्तन और दवाओं के साथ चल रहे इलाज के कारण हो सकता है। पुरुषों में थायराइड की समस्या के लक्षण यौन रोग और अन्य शारीरिक परिवर्तन भी हो सकते हैं।

### थकान और सुस्ती

थका हुआ और सुस्त महसूस करना थायराइड का एक लक्षण है। हृदय और नाड़ी में धीमी दर भी पुरुषों में थायराइड का संकेत है। पर, यह अस्पष्ट और सामान्य लक्षण है, जो कई स्थितियों में हो सकते हैं इसलिए थायराइड की समस्या के बारे में पता नही चल पाता।

### स्मृति हानि और डिप्रेशन

स्मरण शक्ति कमजोर होना, भ्रम और डिप्रेशन भी थायराइड से संबंधित लक्षण हैं, जो शारीरिक प्रक्रियाओं की मंदी के कारण होते हैं। ये लक्षण अधिक उम्र के पुरुषों में आम होते हैं। चिड़चिड़ापन भी धीमी गति से बढ़ रहे थायराइड का लक्षण है।

### मांसपेशियों में दर्द

जिन पुरूषों को थायराइड है वह मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन विशेष रूप से कमर या कंधे में अनुभव कर सकते है। उन्हें अपने पैर के निचले भाग की मांसपेशियां कमजोर और घुटनों और हाथ या पैर के छोटे जोड़ों में सूजन का अनुभव हो सकता है। या आप यह कह सकते हैं कि कुल मिलाकर, उनके जोड़ कठोर हो सकते है।



इससे भी थायराइड का पता नही चलता क्योंकि ऐसे लक्षण कई स्थितियों में उत्पन्न हो सकते है।

### वजन

अगर आपके आहार या व्यायाम में कोई बदलाव नहीं है और फिर भी आप वजन कम करने में असमर्थ है तो यह थायराइड का स्पष्ट संकेत है। पर कई लोगों को लगता है कि वह सिर्फ उम्र बढ़ने या कम शारीरिक गतिविधि की वजह से वजन प्राप्त कर रहे हैं।

### त्वचा में परिवर्तन

जिन पुरूषों को थायराइड है उनके बाल मोटे और शुष्क हो जाते है, उनकी त्वचा भी रूखी-सूखी हो जाती है और साथ ही साथ यह भी हो सकता है कि उनकी त्वचा पीली हो जाए।

# फायर इंजीनियरिंग में बेहतर कॅरियर

आग लगने पर उसे बुझाने के लिए ऐसा आदमी या ऐसी टीम चाहिए जो आग की किस्म, आग लगने के कारण, आग बुझाने के तरीके, आग बुझाने के सामान और आग में घिरे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का हुनर रखती हो। जाहिर है यह ऐसी जानकारी नहीं जिसे यूं ही पूछ कर या पढ़ कर जान लिया जाए। इसकी पढ़ाई भी होती है और इसका प्रशिक्षण भी दिया जाता है। एक गुण ऐसा है जिसके बिना यह पढ़ाई और प्रशिक्षण काम नहीं आ पाएगा- वह है साहस और सूझबूझ का सही मिश्रण। इस क्षेत्र में फायरमैन से लेकर चीफ फायर अफसर तक बन सकते हैं। जो लोग आग से उपजी चुनौतियों का सामना करते हुए कॅरियर की बुलंदी तक पहुंचना चाहते हैं वे इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। तो आइए आज हम आपको बताते हैं कि किस तरह आग से जूझकर आप अपना कॅरियर बना सकते हैं।

### कार्य का स्वरूप...

फायर डिपार्टमेंट से जुड़ना एक कामयाब कॅरियर के साथ-साथ जनसेवा भी है। फायर फाइटर्स का मुख्य काम आग लगने के कारणों का पता लगाना और उसे रोकने के उपायों का विश्लेषण करना होता है। फायर फाइटिंग सिविल, इलेक्ट्रिकल, एनवायरनमेंटल इंजीनिरिंग से जुड़ा क्षेत्र है। मसलन आग बुझाने के यंत्रों की तकनीकी जानकारी, स्प्रिंक्लर सिस्टम, अलार्म, पानी की बौछार का सबसे सटीक इस्तेमाल, कम से कम समय और कम से कम संसाधनों में ज्यादा से ज्यादा जान-माल की रक्षा करना उसका उद्देश्य होता है।



### प्रमुख संस्थान...

- *इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर, पं. बंगाल*
- *राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय, पालम रोड, नागपुर, महाराष्ट्र*
- *दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियरिंग, नई दिल्ली*

### अवसर...

इस फील्ड में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। पहले केवल महानगरों में फायर स्टेशन होते थे, आज हर जिले में फायर स्टेशन हैं। इसके अलावा आज हर सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों में एक फायर इंजीनियर की नियुक्ति भी अनिवार्य कर दी गई है। फायर इंजीनियर की जरूरत अग्निशमन विभाग के अलावा आर्किटेक्चर और बिल्डिंग निर्माण, इंश्योरेंस एसेसमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, रिफाइनरी, गैस फैक्ट्री, निर्माण उद्योग, प्लास्टिक, एलपीजी तथा कैमिकल प्लांट, बहुमंजिली इमारतों व एयरपोर्ट हर जगह इनकी खासी मांग है।

**कोर्सः** डिप्लोमा इन फायर एंड सेफ्टी, पीजी डिप्लोमा इन फायर एंड सेफ्टी, बीएससी इन फायर इंजीनियरिंग, सिर्टिफकेट कोर्स इन फायर फाइटिंग, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रीयल सेफ्टी मैनेजमेंट, इंडस्ट्रियल सेफ्टी सुपरवाइजर, रेस्क्यू एंड फायर फाइटिंग जैसे कोर्स शामिल हैं।

## रेसिपी



### मंगौड़ी की दाल

#### सामग्री

1 कप क्रश की हुई मूंग दाल की मगौड़ी, 1 टेबल-स्पून घी, 1 टी-स्पून जीरा, 1/4 टी-स्पून हींग, 1 कप कटे हुए टमाटर, 1 1/2 टी-स्पून अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टी-स्पून धनिया पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 2 टी-स्पून नींबू का रस, सजाने के लिए, 1 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

#### विधि

एक प्रैशर कुकर में घी गरम करें और जीरा और हींग डालें। जब बीज चटकने लगे, क्रश की हुई मंगौड़ी डालकर मध्यम आंच पर 2-3 मिनट के लिए भुन लें। टमाटर, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, नमक और 21/2 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें और 2 सिटी तक प्रैशर कुक कर लें। ढक्कन खोलने से पुर्व सारी भाप निकलने दें। 11/2 कप पानी और नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच में हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट तक पका लें। धनिया से सजाकर गरमा गरम परोसें।



### मसाला टिण्डा

#### सामग्री

2 कप स्लाईस्ड टिण्डे, बिना छिले हुए
1 टेबल-स्पून तेल
1/2 टी-स्पून जीरा
2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर
2 टी-स्पून धनिया पाउडर
2 टी-स्पून अमचूर
नमक स्वादअनुसार

#### विधि


एक गहरे नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें और जीरा डालें। जब बीज चटकने लगे, टिण्डा, हल्दी पाउडर और 1/4 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें। ढ़क्कन से ढ़ककर धीमी आंच पर, बीच-बीच में हिलाते हुए 10 मिनट तक पका लें। लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, अमचूर और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 3 से 4 मिनट तक पका लें। तुरंत परोसें।

## HEALTH

**डिप्रेशन एक सामान्य मानसिक अनियमितता है, जिसमें व्यक्ति में उदासीनता, हीन विचार, रुचि व खुशी में कमी, नींद में गड़बड़ी, भूख की कमी, थकावट और एकाग्रचित्तता की कमी देखने को मिलती है। विश्व स्तर पर सभी आयु वर्ग के करीब 35 करोड़ लोग डिप्रेशन से पीड़ित हैं। साल 2020 तक यह बीमारी मधुमेह व हृदय अनियमितताओं को चुनौती देती दिखाई दे सकती है.....**

# पुरुषों से ज्यादा महिलाएं हो रही परेशान
# 35 करोड़ लोग डिप्रेशन से पीड़ित

डिप्रेशन के लक्षण कम उम्र से ही दिखने लगते हैं। यदि परिवार में माता-पिता या अन्य कोई परिवार का सदस्य डिप्रेशन से पीड़ित है तो बच्चे में भी डिप्रेशन होने की आशंका बढ़ जाती है। यदि कोई एक अभिभावक डिप्रेशन से पीड़ित है तो बच्चे में डिप्रेशन होने की आशंका तीन गुणा बढ़ जाती है। यदि अभिभावक में मानसिक रोग के लक्षण 20 वर्ष की उम्र से पहले विकसित हुए हैं तो बच्चे में इसके होने की आशंका 4 से 5 गुणा अधिक होती है। किशोर अवस्था में महिलाओं के शरीर में कई बदलाव होते हैं।



### धूप संेकने से फायदा

सूरज की रोशनी में कुछ समय बिताएं। इससे शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी मिलेगा। सूरज की रोशनी से मूड में ताजगी आती है, जिससे सेरोटोनिन हार्मोन का स्राव होता है, जो कि ठंड, अंधेरे और निराशा के समय बढ़ जाता है।

### नियमित व्यायाम करें

नियमित व्यायाम डिप्रेशन से उबरने में मदद करता है, यहां तक कि इसे पूरी तरह दूर भी रख सकता है। व्यायाम करने से शरीर में सेरोटोनिन पैदा होता है, एक ऐसा रसायन, जो डिप्रेशन के रोगियों में धीमी गति से बनता है। कौन-कौन से व्यायाम करें और कितनी देर तक करें, इसका ध्यान रखना जरूरी है। व्यायाम पसंद है तो आप जिम, योग और दौड़ना या पैदल चलना कोई भी विकल्प अपना सकते हैं। एरोबिक और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग दोनों करें। एरोबिक से एंड्रोफिन का स्राव होने से ऊर्जा बढ़ेगी, वहीं स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से शरीर मजबूत होगा।

### उचित हो खान-पान

अच्छा भोजन मस्तिष्क की प्रक्रिया में सहायक न्यूरोट्रांसमीटर्स में सुधार करता है, जिससे मूड और सोच दोनों में बदलाव आता है। मेवे, बीज व मछली से मिलने वाली उच्च वसा को डाइट में शामिल करें। हल्के-फुल्के नाश्ते में भुने हुए साबुत अनाज, सूप, सलाद, दही, मेवा और फल-सब्जियां खाएं। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। शरीर को हाइड्रेटेड रखें। जैसमिन (चमेली) व कैममाइल (बबूने के फूल) की ग्रीन टी का सेवन करें। सरसों का तेल, अलसी के बीज, गेहूं, राजमा, मेथी, सोयाबीन और हरी पत्तेदार सब्जियां भी फायदेमंद रहती हैं।

# नवसर्जित ग्राम पंचायत पीपलखेड़ा से भैरूवास ग्राम को अलग करने की मांग

मरुधर विशेष

**कठूमर।(दिनेश लेखी)।** पीपलखेडा के ग्रामीणों ने नवसर्जित ग्राम पंचायत पीपलखेड़ा से भैरूवास ग्राम को अलग करने की मांग की है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को मंगलवार को सौंपे ज्ञापन में बताया कि भैरूवास राज सरकार की मापदंडों के अनुसार किसी भी तरीके से ग्राम पीपलखेड़ा के सहबद्ध नहीं है। और दोनों गांवों के बीच दूरी भी सात किलोमीटर है। ज्ञापन में ग्राम मेदपुरा एवं गालाखेड़ा ग्राम को जोड़कर ग्राम पीपलखेड़ा को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की है। इस मौके पर पूर्व चैयरमेन गोपाल सिंह नरूका, पूर्व सरपंच भूपेंद्र नरूका, चतर सिंह मीणा, जगदीश नरूका अर्जुन जाटव, पप्पू जाटव लखन, जाटव एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# दोहरे मापदंड हो बन्द, समान पदस्थापन प्रक्रिया होवे शुरू

## एक राज्य ,एक नियम का फार्मूला किया जावे लागू

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामस जिला बांसवाड़ा ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अवगत करवाया कि राज्य में शिक्षा विभाग के शिक्षको व अन्य कार्मिको तथा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्मिको की पदोन्नति होने पर पदस्थापन स्थान प्रदान करने में पृथक पृथक नियम लागू किये जा रहे है।जबकि राज्य के तमाम कर्मचारियों के लिए पदस्थापन स्थान प्रदान करने की समान प्रक्रिया व नियम होने चाहिए। महासंघ के जिलाध्यक्ष अनिल पंड्या एवं जिला संगठन मंत्री गमीरचंद पाटीदार ने बताया कि एक राज्य, एक नियम के फार्मूले पर समस्त कार्मिको की नियुक्ति एवं पदस्थापन स्थान प्रदान करने का नियम प्रतिपादित किया जावे ताकि समस्त प्रकार के कार्मिको की पदोन्नति पर पदस्थापन देने में एकरूपता व पारदर्शिता बनी रहे। महासंघ के जिलामंत्री जितेंद्र पानेरी एवं केशव पंड्या ने बताया कि शिक्षा विभाग के शिक्षको से लेकर प्रधानाचार्य तक के कार्मिको को पदोन्नति पर पदस्थापन काउंसिलिंग के द्वारा प्रदान की जाती है जबकि अन्य सभी वर्ग के कार्मिको को सक्षम अधिकारी द्वारा बिना काउंसिलिंग के पदस्थापन स्थान प्रदान किये जा रहे है। वहीं अन्य विभागों के कार्मिको के मामले में भी बिना वरीयता व काउंसिलिंग के संबंधित कार्मिक के इच्छित रिक्त स्थान पर विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा पदोन्नति पर पदस्थापन स्थान दिया जा रहा है।जो दोयम दर्जे के मापदंड की श्रेणी में आते है । जिनमे एकरूपता लानी जरूरी है। महासंघ के महामंत्री रमेश व्यास एवं सह महामंत्री सतीश व्यास ने बताया कि काउंसिलिंग के आधार पर पदस्थापन स्थान प्राप्त करने वाले प्रिंसिपल वाइस प्रिंसिपल व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापक के पदस्थापन स्थान आदेश के बाद कोई संशोधन संभव नहीं है जबकि बिना काउंसिलिंग के पदस्थापन स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के आदेश में संशोधन भी संभव है। काउंसिलिंग से पदस्थापन स्थान देंते समय शहर व आसपास के रिक्त पदों को दर्शाया नहीं जाता व काउंसिलिंग के समय उन्हें खोला नहीं जाता जबकि बिन काउंसिलिंग के पदस्थापन प्राप्त करने वाले कार्मिको के लिए सभी पद खोले जाते है।ऐसे में काउंसिलिंग के समय नजदीक के रिक्त स्थान नहीं दर्शाने से दिव्यांग, विधवा, परित्यक्ता व महिला कार्मिक वरीयता में आगे होने तथा अपने निवास के आसपास के पद रिक्त होने के बाद भी वह उन पर पदस्थापन स्थान प्राप्त करने से वंचित हो जाते है तथा मजबूरन दुरदराज के विद्यालय में जाना पड़ता है।जबकि जिन कार्मिको के लिए काउंसिलिंग का प्रावधान नहीं है उनके लिए सभी रिक्त पदो को दर्शाया जाता है।उन्हें इच्छित पदस्थापन स्थान चयन करने की पूर्ण छूट होती है।इस प्रकार राज्य के समस्त शिक्षा व अन्य सभी विभागों में पदोन्नति पर पदस्थापन की एक ही व्यवस्था होना समीचीन है।

# स्कूल बस ने सफाई कर्मचारी को मारी टक्कर, गंभीर घायल, कोटपुतली रैफर





मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर। कस्बे के अलवर रोड़ पर बालाजी होटल के सामने मंगलवार की दोपहर को एक स्कूल बस ने सफाई कर्मचारी को टक्कर मार दी। जिसमें सफाई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की सहायता से बानसूर उप जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना अलवर रोड़ पर कृषि उपज मंडी के पास बालाजी होटल के सामने की है। जहां उमेश बाल्मीकि बाईक से सफाई का काम कर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक निजी स्कूल बस ने टक्कर मार दी। जिसमें सफाई कर्मचारी उमेश बाल्मीकि गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की सहायता से बानसूर उप जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक का पैर बुरी तरह से फैक्चर हो गया। जहां डॉक्टरों ने कोटपुतली रैफर कर दिया।

# महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश प्रकिया शुरू, लॉटरी के माध्यम से होगा चयन

मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम राजकीय स्कूल रामपुर में 2025-26 के लिए कक्षा नर्सरी से कक्षा 10 वी तक प्रवेश प्रारंभ के लिए आवेदन आज 7 मई से शुरू किए जा रहे है। जिसको लेकर स्कूल प्रधानाचार्य कपिल कुमार और प्रवेश प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में अपने बच्चों को प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए गए है। जिसमें प्रवेश के लिए कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा।




1. प्रवेश आवेदन पत्र लेने की समयावधि 7 मई से 15 जून तक आवेदन लिए जाएंगे।
2. प्रवेश के लिए प्राप्त आवेदनों की सूची और कक्षावार खाली सीटों की सूचना 16 जून को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाएगा।
3. 18 जून को लॉटरी के माध्यम से विधार्थियो का चयन
4. 19 जून को प्रवेश कार्य शुरू
5. 1 जुलाई से चयनित विधार्थियो का शिक्षण शुरू

प्रधानाचार्य ने बताया कि कक्षा 11 में संकाय स्वीकृति के बाद प्रवेश प्रकिया के लिए बाद में अलग से दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। कक्षा 11 में कंप्यूटर विज्ञान विषय वैकल्पिक विषय के रूप में संचालित रहेगा।

# चतरपुरा में पेयजल व्यवस्था ठप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी दी

मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर ।नारायणपुर के ग्राम चतरपुरा (बांधका) में पेयजल आपूर्ति बंद होने के संबंध में OBC विभाग कांग्रेस कमेटी राजस्थान के स्टेट कोऑर्डिनेटर राकेश दायमा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के सहायक अभियता को ज्ञापन सौंपा है। दायमा ने बताया कि ग्राम चतरपुरा (बांधका) में विगत कई दिनों से पेयजल की आपूर्ति पूर्णतः ठप है। गर्मी के इस भीषण मौसम में पानी की कमी के कारण ग्रामीणों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।, गांव में मौजूद नलकूप या पाइपलाइन से जल आपूर्ति बिल्कुल बंद है।, सार्वजनिक टैंकर की व्यवस्था भी नहीं की गई है।,महिलाएं और बच्चे कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं।, पशुओं के लिए भी पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है।, कई बार फोन और मौखिक शिकायत के बावजूद कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ है।



**ग्रामीणों का कहना है कि**

गांव में नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए।जब तक आपूर्ति सुचारु न हो, तब तक पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाए।स्थाई समाधान हेतु पाइपलाइन या मोटर की जांच व मरम्मत की जाए।इस मौके पर विकास वर्मा, रवि सैन , संदीप मौर्य, सीताराम, हेमन्त सैनी , रविशंकर प्रसाद, आदि ग्रामीण मौजूद रहे ।

# कम्पनी के सहयोग से होगा जगमग गांव सरपंच महेश कुमार

मरुधर न्यूज सुनीता सैनी

**बावल** नजदीक गांव किशनपुर में गुरुटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा गांव में रौशनी के लिए स्ट्रीट लाइट प्रदान की गई गांव के सरपंच ने कंपनी के अधिकारियों का वहां पहुंचने पर पगड़ी पहनकर स्वागत किया इस अवसर पर गांव के सरपंच महेश कुमार ने बताया कि निजी कम्पनियो द्वारा गांव में अनेक प्रकार के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं बावल औद्योगिक क्षेत्र के रूप मे विकसित होने से कंपनी के सहयोग से गांव में भी विकास कार्य हो रहे हैं जिससे आमजन को लाभ पहुंच रहा है उन्होंने निजी कंपनियों द्वारा गांव में विकास कार्य करवाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे समाज में एक अच्छा संदेश जाता है औद्योगिक इकाइयों को इसी प्रकार गांव में जरूरतमंद चीजों की पूर्ति करते रहना चाहिए और ग्रामीणों का सहयोग करते रहना चाहिए जिससे गांव का विकास हो सके गांव का विकास होगा तभी देश का विकास संभव हैउन्होंने कंपनी अधिकारियों का गांव में स्ट्रीट लाइट देने पर आभार व्यक्त किया और उन्हें मोमेंट को देखकर सम्मानित किया इस अवसर पर निर्देश प्लीज अवसर पर निर्देशक तरुण चावला सुरेश भारद्वाज हर विपिन शर्मा कंपनी धीरज शर्मा सरपंच महेश कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे



# इब्तिदा संस्था की ओर से महिला किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

मरुधर विशेष

**पत्रकार रोहिताश कुमार जाटव रामगढ़** मालाखेड़ा इब्तिदा संस्था की ओर से मालाखेड़ा लोकेशन पर महिला आजीविका संवर्धन कार्यक्रम के तहत महिला किसानों का प्रशिक्षण प्रमोद जी, ओर रघुनाथ जी के द्वारा किया जिसमें लोकेशन से लोकेशन कॉर्डिनेटर अजरूद्दीन जी ने बताया कि कपास की खेती में अधिक से अधिक उत्पादन कैसे लिया जा सकता है और खेती में किन किन उर्वरको की जरूरत होती है जिससे महिला किसान अधिक लाभ प्राप्त कर सके महिला किसानों का प्रशिक्षण कर उर्वरकों के लाभ के बारे में बताया गया ओर कुल 35 महिला और 25 पुरुषों ने भाग लिया इस दौरान महिला किसानों को परंपरागत फसलों की बजाय उन्नत तरीके से कपास उत्पादन कर अच्छे लाभ के लिए प्रोत्साहित किया किसानों को मिट्टी जांच के अनुसार संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के बारे में बताया तथा किसानों को कपास में लगने वाले कीट जनित बीमारियां व अन्य रोगों से होने वाले नुकसान एवं बचाव के तरीकों के बारे में समझाया कपास में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के अंतर्गत ड्रिप फवारा लेजर स्प्रिंगकलर ,कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए प्रशिक्षित किया गया जिसमे 29 किसानों को संस्था ने सहयोग किया इस अवसर पर इब्तिदा से आजीविका सखी, रेखा, आशा, ओर स्टॉफ रघुनाथ, सुभाष रसगणियाँ, सविता, फरमीना आदि उपस्थित रहे



# राकेश सोनी चौथी बार न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने

मरुधर विशेष

**करन सोनी अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ सरगुजा के अध्यक्ष पद का निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें राकेश सोनी लगातार चौथी बार आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन उपरांत विजयी होने पर न्यायालय परिसर अंबिकापुर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. एल. चरयाणी के द्वारा अध्यक्ष पद हेतु राकेश सोनी तथा सचिव पद हेतु रामा शंकर मराई एवं अन्य समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुरेश जून एवं अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रशासनिक अधिकारी राजेश केला, विजय पांडेय, न्यायालय उपाधीक्षक राजीव त्रिवेदी, जिला स्थापना सरगुजा के समस्त न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज सोनी एवं आभार प्रदर्शन तहजीबा खातून सिद्दीकी ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से जिला स्थापना सरगुजा के न्यायिक कर्मचारी एखलाक अली, संगीता सिन्हा, शत्रुघ्न प्रसाद जायसवाल, नीरज सोनी, संजय गुप्ता, संदीप कौशिक, वशिष्ठ गुप्ता, मयंक शर्मा, रेनू सिंह, दुर्गावती, लिली ग्रेस, ओमप्रकाश राम, कमलेश्वर प्रसाद, शिव बालक महंत, सर्वेश्वर गुप्ता, दीपा अम्बष्ठ, अज्जू कुमार, सुनील लकड़ा, प्रियंका सिंह, नीरज चंद्राकर, लिकेश वर्मा, पुष्पेंद्र, हरि प्रसाद, अजीत सिन्हा, कैलाश चंद्र, प्रीतोष, अमोस, संत प्रसाद, विजय, सूरज, विक्रम, नौशब्बा सिद्दीकी, रश्मि सिन्हा, कुसुम, अनिमा, सविता, सुशीला, भूपति, किरण, मनोज, अमन, प्रेम आदि उपस्थित रहे।




# 11वे सामुहिक विवाह की समीक्षा बैठक आज 7 मई को

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** बांसवाड़ा समस्त ब्राह्मण एवं सर्व समाज सामुहिक विवाह समिति के संत एच आर पालीवाल के सानिध्य मे 11 वा सामुहिक विवाह सफलता से 30 अप्रैल को हिरण मगरी सेक्टर 5 उदयपुर मे संपन्न हुआ जिसमें 13 जोड़े विवाह सूत्र मे बंधे उसकी समीक्षा बैठक 7 मई बुधवार को प्रातः 10 बजे से होटल परम्परा एंड रिसॉर्ट, महिला थाने के सामने, चित्र कूट नगर, के कॉन्फ्रेंस होल, उदयपुर मे रखी गई है। समिति के उपाध्यक्ष हीरा भाई चंदानी ने बताया कि 11 वे सामुहिक विवाह के आय-व्यय व बैंक बैलेंस की जानकारी के साथ समय का सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में सुबह का चाय नास्ता व दोपहर एक बजे स्नेह भोज रखा गया है। बैठक में समिति के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण भाग लेंगे। उक्त जानकारी समिति के बांसवाड़ा प्रभारी नवनीत त्रिवेदी ने दी।

# शासकीय निर्देशों की अवहेलना पर कड़ी कार्रवाई, पंचायत सचिव भुनेश्वर सिंह पैकरा को किया गया निलंबित




मरुधर विशेष, करन सोनी

**एमसीबी।** जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम द्वारा जारी एक महत्त्वपूर्ण आदेश के तहत ग्राम पंचायत सोनवर्षा के सचिव भूनेश्वर सिंह पैकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई पंचायत प्रशासन में अनुशासनहीनता और स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना के चलते की गई है। आदेश के अनुसार, पूर्व में ग्राम पंचायत कठौतिया के सचिव भगवान सिंह को अर्जित अवकाश पर जाने के कारण भूनेश्वर सिंह पैकरा को ग्राम पंचायत कठौतिया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। साथ ही यह स्पष्ट निर्देश भी दिए गए थे कि भगवान सिंह के अवकाश समाप्ति के उपरांत वे पुनः अपने मूल पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे । वहीं 28 जून 2024 को भगवान सिंह के अवकाश से लौटने के पश्चात भी भूनेश्वर सिंह पैकरा द्वारा उन्हें ग्राम पंचायत कठौतिया का प्रभार नहीं सौंपा गया। यह कार्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 3, छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (सचिव की शक्तियाँ एवं कृत्य) नियम 1999 के नियम 4 तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। इस अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए, छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के अंतर्गत भूनेश्वर सिंह पैकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा।

# सूरजपुर पुलिस ने मालवाहक वाहन के मालिक-चालकों की ली बैठक, माल वाहक वाहनों में यात्री बैठाने पर होगी कठोर कार्रवाही

मरुधर विशेष

**करन सोनी सूरजपुर।** सड़क हादसों में अंकुश लगाने की दिशा में सूरजपुर पुलिस लगातार मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई, जागरूकता कार्यक्रम तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा को लेकर सुधारात्मक कार्य किए जा रहे है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। रविवार,



04 मई 2025 जिले के थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा पिकअप सहित अन्य वाहन के मालिकों और चालकों की बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि अब माल वाहक वाहनों में यात्री बैठे मिले या हादसे में किसी की जान गई, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि देश में सडक दुर्घटनाएं मृत्यु के बड़े कारणों में शामिल हैं, और इनमें भी मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर की गई लापरवाही से कई मासूम जानें जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि मालवाहक का इस्तेमाल सिर्फ माल ढोने के लिए ही किया जाना चाहिए, इसे यात्री वाहन बनाना न केवल खतरनाक है, बल्कि कानून का गंभीर उल्लंघन भी है। नए मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार, यदि जानबूझकर ऐसे वाहन में सवारी बैठाकर दुर्घटना कर दी गई, तो उसे जानबूझकर घोर लापरवाही माना जाएगा, साथ ही वाहन बीमा कंपनी भी किसी तरह का मुआवजा नहीं देगी।

## यातायात नियमों व निर्देशों का करें पालन।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बताया कि वाहन स्वामी एवं चालकों की बैठक का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिसके जरिए वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित ढंग से वाहन चलाने के लिए प्रेरित करना, शराब पीकर वाहन न चलाने की चेतावनी देना था ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बैठक में पिकअप व अन्य वाहनों के मालिकों और चालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि ऐसे वाहनों में यात्री न बैठाए, निर्देशों के बावजूद ऐसा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# आज की जनदर्शन में आए 24 आवेदन कलेक्टर ने विभागों को त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

मरुधर विशेष

**करन सोनी** एमसीबी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आज की जनदर्शन में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनदर्शन में आवेदक सुरेन्द्र कुमार ललवानी निवासी मनेंद्रगढ़ भूमि बिक्री की अनुमति दिये जाने के संबंध में, धनसाय




निवासी ग्राम मनवारी ग्राम मनवारी स्थित भूमि खसरा नंबर 323 रकबा 0.24 हेव भूमि पर नसरूद्दिन के द्वारा फर्जी तरीके से कब्जा कर लेने के संबंध में, शिवनारायण सिंह गोड़ निवासी चनवारीडांड आदिवासी की भूमि को गैर-आदिवासी के नाम पर छलकपट द्वारा दर्ज होने की जाँच के संबंध में, समस्त वार्डवासी निवासी चैनपुर सी सी रोड बनाये जाने के संबंध में, पंचायत सिरौली फौती नामांतरण कराये जाने के संबंध में, पीएम आवास निर्माण स्थल का बी1, नक्शा, खसरा हितग्राही से संलग्न कराये जाने के संबंध में, महिपाल सिंह गोंड निवासी पाराडोल वन भूमि पट्टा दिलाये जाने के संबंध में, स्वीटी गुप्ता निवासी मनेंद्रगढ़ आबंटित प्लाट का सीमांकन कराये जाने के संबंध में, प्रियंका साहू निवासी नागपुर राजस्व निरीक्षक राम सिंह, पटवारी रमेश सिंह, सविता शर्मा लिपिक सहायक ग्रेड-02 के स्थानांतरण के संबंध में, शहबाज कामिल निवासी मनेंद्रगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 379 में लगे स्थगन आदेश का निराकरण किये जाने के संबंध में, परमसुखी बैगा निवासी घटई सीमांकन करने के संबंध में, सुरश कुशवाहा निवासी घटई भूमि ऑनलाईन नक्शे में त्रुटि सुधार के संबंध में, धनराज निवासी लालपुर भूमि सीमांकन करने के संबंध में, दशमतिया निवासी सेमरा वन अधिकार पट्टा दिलाये जाने के संबंध में, कल्याण सिंह निवासी बुंदेली भूमि का नाप कराये जाने के संबंध में, समस्त ग्रामवासी निवासी चनवारीडांड जल आपूर्ति कराये जाने के संबंध में, अक्रांत पाण्डेय निवासी नई लेदरी आधार सेवा केंद्र को घर जाकर आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर लिंक हेतु आदेशित करने के संबंध में, मोहन निवासी उजियारपुर पीएम आवास योजना में नामिनी चढ़ाने के संबंध में, ददन बैगा एवं समस्त प्रार्थिगण निवासी नौढिया अवैध पट्टा जारी होने की जांच कर निरस्तीकरण एवं वास्तविक निवासियों को पट्टा प्रदान करने के संबंध में, छोटे लाल निवासी जमथान पार्थी के पास शौचालय गैस सिलेंडर, पानी टंकी (हैंडपंप) दिलाये जाने के संबंध में, वेदवती निवासी मनेंद्रगढ़ अटल आवास आबंटित किये जाने के संबंध में, छत्रसाल निवासी केराबेहरा हैंडपंप बनवाने के संबंध में, शिवभजन निवासी नागपुर सड़क बनाये जाने के संबंध में, शिवभजन निवासी नागपुर नहर मरम्मत कराये जाने के संबंध में अपनी शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732